वर्ष : 12 | अंक : 09 टोंक | शनिवार, 10 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ




# जेवलिन थ्रोअर नीरज ने पेरिस में सिल्वर जीता

## 2 ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय; 12 की उम्र में पकड़ा था भाला




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलिंपिक के जेवलिन थ्रो इवेंट में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। 26 साल के नीरज ने 89.45 मीटर दूर भाला फेंका और दूसरा स्थान हासिल किया। इसी के साथ नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले भारत के तीसरे ही प्लेयर बने। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और शटलर पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने जेवलिन थ्रो के नए ओलिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 92.97 मीटर दूर भाला फेंका। अरशद के 2 थ्रो 90 मीटर से ज्यादा के रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.54 मीटर दूर भाला फेंक कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

नीरज की उपलब्धि पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- नीरज एक्सिलेंस के उदाहरण हैं। उन्होंने बार-बार अपनी प्रतिभा दिखाई है। नीरज की मां बोलीं- हमारे लिए सिल्वर ही गोल्ड जैसा, जिसने गोल्ड जीता वह भी मेरा बेटा ही है।

## सरस दूध 2 रुपए लीटर हुआ महंगा

### 11 अगस्त से लागू होंगी बढ़ी हुई कीमतें; बूथ संचालकों का कमीशन भी बढ़ाया




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में सरस दूध के दाम बढ़ गए हैं। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) की बढ़ी हुई कीमतें 11 अगस्त की शाम को होने वाली सप्लाई से लागू होगी। डेयरी प्रशासन ने दूध के सभी ब्रांड पर 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। पिछले महीने डेयरी में हुए एक कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ओम प्रकाश पूनिया ने इस बात के संकेत दिए थे। जयपुर डेयरी ने कुछ समय पहले ही दुग्ध उत्पादकों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। ये बढ़ोतरी करीब 3.65 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से हुई थी। जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया- वर्तमान में सरस टोंड (नीला) 50 रुपए लीटर, स्टैंडर्ड (हरा) 56 रुपए, गोल्ड 64 रुपए और डबल टोंड 42 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। 11 अगस्त को कीमतें बढ़ने के बाद सरस टोंड (नीला) 52 रुपए लीटर, स्टैंडर्ड (हरा) 58 रुपए, गोल्ड 66 रुपए और डबल टोंड 44 रुपए प्रति लीटर मिलने लगेगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बोले सरकार:हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिकारी बोले- देश में 15 से 20 करोड़ लोग अनैतिक तरीके से रह रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बांग्लादेश के हालात को लेकर अब जयपुर में भी विरोध होने शुरू हो गए हैं। इस मुद्दे को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने अपना विरोध जताना शुरू कर दिया है। हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक विजय कौशिक ने मीडिया से बात करते हुए कहा- जिस तरह से बांग्लादेश में हालात बने हुए हैं।

उस पर तत्काल रूप से हमारी सरकार को भी एक्शन लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा- वहां पर हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहा है। उनकी हत्या हो रही है, वह बहुत सोचने वाला विषय है। हमने प्रदेश और देश में सनातनी सरकार चुनी है। उसके बावजूद भी कोई बड़ा लीडर इस मुद्दे पर बोलने को तैयार नहीं है जो की बहुत दुख पहुंचाने वाला है।

# हर घर तिरंगा अभियान, सीएम शर्मा ने बदली प्रोफाइल पिक्चर

## केंद्र सरकार 7 और राज्य सरकार 3 दिन चलाएगी अभियान, सांसद निकालेंगे बाइक रैली

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर दो साल पहले शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान को इस बार भी केन्द्र और राज्य सरकारें अभियान के रूप में चलाएगी। शुक्रवार को सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर तिरंगे से बदलकर लोगों से भी हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। सीएम ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रोत्साहित होकर, मैं अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदल रहा हूं। मैं आप सभी से सविनय आग्रह करता हूं कि आप भी इसी प्रकार अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदले और हमारे गौरवशाली तिरंगे का उत्सव मनाने में मेरे साथ सहभागी बनें। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर केन्द्र सरकार 7 दिन और राज्य सरकार 3 दिन का अभियान चला रही हैं।

### प्रदेश में 13 से 15 अगस्त तक चलेगा अभियान

प्रदेश में राज्य सरकार के स्तर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। अभियान के तहत प्रदेश भर में तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, मैराथन और तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में हर घर, सरकारी दफ्तर, गली, नुक्कड़ तक तिरंगा लहराए। इसके लिए राज्य सरकार ने अधिकारियों को झंडों की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

### सांसद निकालेंगे बाइक रैली

आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान इस बार भी पूरे देश में चलाया जा रहा है। केन्द्र सरकार 9 अगस्त से 15 अगस्त यह अभियान चलाएगी। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया- पहले साल 23 करोड़ से अधिक घरों तक तिरंगा पहुंचा। 6 करोड़ लोगों ने तिरंगे के साथ सोशल मीडिया पर सेल्फी अपलोड की। वहीं पिछले साल 2023 में 10 करोड़



लोगों ने सेल्फी अपलोड की। इस साल भी देशभर में अनेक कार्यक्रम तिरंगा उत्सव के दौरान होंगे। सभी मंत्रालय और डिपार्टमेंट तिरंगा उत्सव में भाग लेंगे। देश के अनेक स्थानों पर तिरंगा दौड़ का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को देशभर के सांसद दिल्ली और आसपास के क्षेत्र के हजारों युवा के साथ भारत मंडपम से लेकर नेशनल स्टेडियम तक तिरंगा बाइक रैली आयोजित करेंगे। पिछले वर्ष तिरंगा बाइक रैली में 200 सांसदों ने भाग लिया था।

# मनीष सिसोदिया को 17 महीने बाद सीबीआई-ईडी केस में बेल

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जमानत नियम और जेल अपवाद; तिहाड़ से बाहर आ सकते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (9 अगस्त) को जमानत दे दी। सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी, दोनों केस में राहत मिली है।

सीबीआई ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश



किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट की ऑर्डर कॉपी राउज रेवेन्यू कोर्ट भेजी जाएगी। वहां सिसोदिया को 10-10 लाख का बेल बॉन्ड भरना होगा।

## महिला चरवाह की कुएं में डूबने से मौत:राहगीरों को दिखी महिला की चप्पले तो हुई डूबने का पता चला

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** बरोनी थाना क्षेत्र के अभयपुरा गांव के पास खेतों की ओर बकरियां चराने गई महिला की कुएं में डूबने से मौत हो गई। इसका पता लगने के बाद सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत कर महिला का शव शाम करीब 4 बजे बाहर निकाला।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।बरोनी थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि अभयपुरा निवासी कमला (56) पत्नी सूरजमल गुर्जर अन्य दिनों की तरह बकरियों को चराने खेतों की ओर गई



थी। दोपहर करीब एक बजे उसकी एक बकरी करीब सो फ़ीट गहरे कुयें में गिर गई। महिला कुएं में लटक कर बकरी को निकालने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान वह गिर पड़ी। करीब दो बजे अन्य लोग कुएं की ओर से आए तो वहां कमला की चप्पलें और कुछ बकरियां दिखाई दीं। वह नजर नहीं आई। बाद में इससे लोगों ने उसके परिजनों को बताया। परिजन मौके पर पहुंचे और आसपास उसे तलाशा लेकिन वह कई नहीं मिली। फिर करीब दो बजे उन्होंने पुलिस को कॉल किया। पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया। फिर इंजन से कुएं का पानी कम करवाया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सिविल डिफेंस टीम के सदस्य शिवराज जाट, राकेश सैनी, सत्यनारायण जाट, भोमराज जाट, नरेंद्र चौधरी, शंकर लाल जाट अपने सुरक्षा संसाधन व बचाव राहत सामग्री से कुएं के गहरे पानी में से महिला कमला देवी के शव को निकाला।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सम्पादकीय

### आरबीआई की एमपीसी बैठक के फैसले से हैरानी नहीं, मगर महंगाई दर के लक्ष्य पर रहेगी नजर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 50वीं बैठक के नतीजे से किसी को कोई हैरानी नहीं हुई। इसका अंदाजा पहले से था कि एमपीसी की बैठक में नीतिगत दरें यथावत रहेंगी और केंद्रीय बैंक के नजरिये में भी कोई बदलाव नहीं होगा। ऐसा हुआ भी और आरबीआई ने रीपो दर 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखी। एमपीसी ने आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में भी कोई बदलाव नहीं किया। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वृद्धि दर भी 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एमपीसी को लगता है कि समग्र मुद्रास्फीति (हेडलाइन इन्फ्लेशन) चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5 प्रतिशत के स्तर पर रह सकती है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में समग्र मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। यद्यपि, मौद्रिक नीति से संबंधित घोषणाओं में अधिकांश बातें अनुमानों के अनुरूप ही रहीं परंतु मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारित करने के तरीके, मौद्रिक नीति संचालन एवं वित्तीय स्थिरता का खास तौर पर जिक्र किया गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इन तीनों विषयों से जुड़ी मौलिक बातों का उल्लेख किया। नवीनतम आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि 'भारत में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारित करते समय खाद्य वस्तुओं को बाहर रखना चाहिए, अर्थात इस पर विचार नहीं करना चाहिए'। इसके पीछे मुख्य तर्क यह दिया गया कि खाद्य मुद्रास्फीति प्रायः मांग पर निर्भर नहीं करती है और आपूर्ति मोर्चे पर होने वाली हलचल इसे अधिक प्रभावित करती है। समीक्षा में कहा गया कि मांग में वृद्धि से मूल्यों में होने वाले परिवर्तन से अल्प अवधि के नीतिगत उपायों से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है। इस सप्ताह के शुरू में इस समाचार पत्र ने तर्क दिया था कि खाद्य मुद्रास्फीति को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

आरबीआई गवर्नर ने सभी बातों पर स्थिति स्पष्ट कर दिया है। इससे किसी भी तरह के संदेह के समाधान में मदद मिलनी चाहिए। इनमें कुछ व्यापक बिंदुओं पर चर्चा करना आवश्यक है। समग्र उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर का लक्ष्य तय करना आरबीआई का प्रमुख ध्येय है। इस सूचकांक में खाद्य मुद्रास्फीति का भारांश लगभग 46 प्रतिशत है, इसलिए इसे बिल्कुल नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उपभोक्ता मुद्रास्फीति को अन्य बातों की तुलना में खाद्य कीमतों के संदर्भ में अधिक समझते हैं। ध्यान देने योग्य है कि मई और जून में समग्र मुद्रास्फीति में खाद्य महंगाई की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से अधिक रही। खाद्य मुद्रास्फीति घरेलू बजट को भी प्रभावित करती है, जिसका भविष्य में वास्तविक मुद्रास्फीति की दशा-दिशा पर असर पड़ता है। पिछले कुछ महीनों में घरेलू मुद्रास्फीति से जुड़ी चिंता बढ़ गई है। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार ऊंचे स्तर पर रहने से परिवारों का बजट बिगड़ सकता है और यह प्रमुख मुद्रास्फीति दर को भी प्रभावित कर सकता है। परिवारों में व्यवहार के स्तर पर बदलाव से मुद्रास्फीति समस्या का कारण बन सकती है और इससे आर्थिक लागत भी बढ़ जाएगी।

# क्या होती है जेपीसी और क्या होते है उसके परिणाम?

**रिजिजू के अनुसार इस बिल में जो भी प्रावधान हैं, आर्टिकल 25 से लेकर 30 तक किसी रिलीजियस बॉडी का जो फ्रीडम है, उसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। न ही संविधान के किसी भी अनुच्छेद का इसमें उल्लंघन किया गया है। इस विधेयक से किसी भी धार्मिक संस्था की स्वतंत्रता में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। हालांकि अपना पक्ष रखने के बाद उन्होंने बिल को जेपीसी के पास भेजने की सिफारिश की। बताया गया था कि अब इस बिल पर चर्चा के लिए स्पीकर ओम बिरला एक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी का गठन करेंगे। इस कमेटी में सत्ताधारी और विपक्षी दलों के सांसदों को शामिल किया जाता है।**

**अशोक भाटिया**



विपक्षी पार्टियों के विरोध के कारण केंद्र सरकार ने वक्फ (संशोधन) बिल, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की सिफारिश की है। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने 8 अगस्त गुरुवार को लोकसभा में इस संशोधन बिल को पेश किया था । बिल के पेश होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष का कहना है कि ये बिल संविधान पर हमला है और इससे मुसलमानों को टारगेट किया जा रहा है। सांसदों ने इस बिल को तुरंत वापस लेने की मांग की। वैसे वक्फ कानून, 1995 में सुधार के दावों के साथ लाया गया ये संशोधन विधेयक पिछले कई दिनों से विवादों में है। सरकार का दावा है कि इस कानून में लंबे समय से बदलाव की मांग हो रही थी। बदलाव के जरिये राज्यों के वक्फ बोर्ड में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिमों को शामिल किए जाने प्रावधान है। इसके अलावा मौजूदा कानून की धारा-40 को खत्म करने का भी प्रावधान है। कोई संपत्ति वक्फ बोर्ड की संपत्ति होगी, इस धारा के तहत ही बोर्ड को फैसला लेने की शक्ति दी गई है। ज्ञात हो कि संसद में मुख्य रूप से दो तरह की समितियां होती हैं। 1, स्थायी समिति यानी स्टैंडिंग कमेटी 2, तदर्थ समिति यानी एडहॉक कमेटी। स्टैंडिंग कमेटी वो होती हैं, जिनका गठन समय-समय पर संसद के अधिनियम की प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियम के हिसाब से किया जाता है। इन कमेटियों का कार्य अनवरत प्रकृति का होता है। यानी काम चलता रहता है।वहीं, कई समितियां तय समय सीमा के लिए गठित की जाती हैं। एडहॉक कमेटी वो होती हैं, जो किसी बिल या मुद्दे की जांच या विशेष प्रयोजन के लिए बनाई जाती हैं। जब ये कमिटी अपनी रिपोर्ट जमा कर देती हैं, तब उनका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। जेपीसी भी इसी श्रेणी में आती है।

जेपीसी में राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों के सदस्य शामिल किए जाते हैं।बाद में किसी भी मामले में जेपीसी गठित करने के लिए बाकायदा संसद के एक सदन द्वारा प्रस्ताव पारित किया जाता है। दूसरे सदन द्वारा इस पर सहमति ली जाती है। जेपीसी गठित होने के बाद सांसदों की टीम मामले की पूरी जांच करती है। पार्टियां अपने सदस्यों के नाम जेपीसी के लिए आगे बढ़ाती हैं और फिर उन्हें अप्रूव किया जाता है। जेपीसी में सदस्यों की संख्या तय नहीं होती है। सदस्यों की संख्या उस दल की ताकत के हिसाब से देखी जाती है। यानी अगर आज किसी मामले में जेपीसी गठित होती है तो उसमें सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते भाजपा के सबसे ज्यादा सदस्य होंगे। लोकसभा स्पीकर ही कमिटी के अध्यक्ष को चुनते हैं। ज्यादातर समय ये जिम्मा सत्ताधारी पार्टी के सांसद हो ही मिलता है। जेपीसी गठित हो गई तो उसे मामले की गहनता से जांच के लिए विशेषाधिकार मिल जाते हैं। इनका इस्तेमाल कर वो जरूरी जानकारी हासिल कर सकती है। जेपीसी, एक्सपर्ट, सरकारी संस्थाओं और विभागों से जानकारियां हासिल कर सकती है। जेपीसी और अन्य समितियों की सिफारिशों के आधार पर की गई कार्रवाई पर सरकार को संसद में रिपोर्ट पेश करनी होती है। किसी मुद्दे की जांच में अगर सबूत जुटाने के लिए मामले से जुड़े व्यक्ति को कमिटी बुलाना चाहे तो उसे पेश होना होता है। पेश नहीं होने पर उसे संसद की अवमानना मानी जाती है।वहीं, बिल से जुड़े मसलों पर ये कमिटी एक्सपर्ट से सुझाव लेती है। सुझावों या आपत्तियों को कमिटी अपनी रिपोर्ट में शामिल कर सकती है।कमिटी के सुझाव सरकार के लिए सलाह के तौर पर होते हैं। जरूरी नहीं कि सरकार उसे माने ही। चूंकि कमिटियों में ज्यादातर सांसद और अध्यक्ष सत्ताधारी पार्टी के होते हैं, इसलिए अक्सर सुझाव मान लिए जाते हैं। जेपीसी के गठन के बाद लोकसभा के स्पीकर जेपीसी का एक अध्यक्ष नियुक्त करते हैं, जिसका फैसला सर्वमान्य होता है। आमतौर पर सत्ताधारी पार्टी के सांसद ही जेपीसी के अध्यक्ष होते हैं। बाकी इसमें सभी दलों के सांसद शामिल किए जाते हैं, जिससे निष्पक्ष रिपोर्ट सामने आए। समिति के अधिकतर सदस्य किसी मामले को दबाने की भी कोशिश करते हैं, तो दूसरे सदस्य आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बोफोर्स केस में ऐसा ही हुआ था, जब एआईडीएमके के सांसद ने जांच के खिलाफ अपना आपत्ति नोट दर्ज कराया था। बिल के यहां पहुंचने के बाद उस पर चर्चा होती है। इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के होने पर रिपोर्ट निष्पक्ष आती है। चर्चा सिर्फ सदस्यों तक सीमित नहीं रखी जाती। इसमें कई पॉइंट्स बताए जाते हैं, जिनकी जांच की जाती है और चर्चा होती है। सम्बंधित क्षेत्र विशेषज्ञों और समूहों को आमंत्रित किया जाता है। इसके अलावा कुछ मामलों में जनता से भी सलाह ली जा सकती है। समिति का उद्देश्य किसी मुद्दे, विधेयक के प्रावधानों या घोटाले आदि की जांच करना होता है। भारत की संसदीय प्रणाली में जेपीसी एक शक्तिशाली जांच निकाय के रूप में काम करती है। जेपीसी को जिस काम के लिए बनाया जाता है, उससे जुड़े सबूत और तथ्य जुटाने के लिए किसी भी व्यक्ति, संस्था या पक्ष को बुलाने और उससे पूछताछ करने का अधिकार होता है। अगर कोई मामला जनहित का न हो तो आमतौर पर समिति की कार्यवाही और इसके निष्कर्ष को गोपनीय ही रखा जाता है। अमूमन जेपीसी के पास जांच के लिए अधिकतम तीन महीने का समय होता है। इसके बाद यह अपनी रिपोर्ट पेश करते है और इसका अस्तित्व खत्म हो जाता है।समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई के लिए वैसे तो सरकार बाध्य नहीं होती है पर अगर इसकी सिफारिशों पर कार्रवाई करती है तो इसकी रिपोर्ट सदन को देनी होती है। समितियों की कार्रवाई रिपोर्ट पर संसद में चर्चा हो सकती है और इससे जुड़े सवाल भी उठाए जा सकते हैं। देश के इतिहास में अब तक कई बार जेपीसी का गठन किया जा चुका है। यह जानना भी दिलचस्प है कि पांच बार जेपीसी का गठन करने के बाद सत्तारूढ़ दल अगला चुनाव हार गया। साल 1987 में स्वीडन की हथियार बनाने वाली कंपनी बोफोर्स के साथ भारत सरकार ने 1437 करोड़ रुपए का एक रक्षा सौदा किया था। तभी वहां की मीडिया में खबर आई थी कि बोफोर्स ने रक्षा सौदों के लिए कई देशों की सरकारों को रिश्वत दी है। इस पर भारत में भी खूब हंगामा हुआ। खुद राजीव गांधी के करीबी मंत्री रहे वीपी सिंह ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बोफोर्स सौदे की जांच के लिए जेपीसी बनानी बड़ी थी, जिसके अध्यक्ष कांग्रेस सांसद बी। शंकरानंद थे। इस समिति ने रिपोर्ट पेश की तो राजीव गांधी को क्लीन चिट दे दी गई थी। इस पर विपक्ष ने काफी हंगामा किया था। इसके बाद साल 1989 में हुए चुनाव में राजीव गांधी को हार का सामना करना पड़ा था, जबकि 1984 में उन्होंने लोकसभा की 414 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। वहीं, बोफोर्स घोटाले को उठाने वाले वीपी सिंह प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच गए थे । शेयर बाजार में बिग बुल के नाम से मशहूर रहे ब्रोकर हर्षद मेहता साल 1992 में सुर्खियों में आ गए थे। तब आरोप लगा था कि शेयर बाजार में 4000 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था। मेहता पर आरोप थे कि वह बैंक से कर्ज लेकर शेयर बाजार में पैसा लगाता है और फिर फायदा कमाने के बाद पैसा बैंक को वापस कर देता है। इसके लिए हर्षद और बैंक अधिकारियों के बीच सांठगांठ की खबरें आईं तो शेयर बाजार गिरता चला गया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी। आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**वृष**
विदेश या कहीं दूर से अच्छे समाचार मिलने के योग हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता छलकेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

**मिथुन**
वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा। दुर्घटना से संभलना होगा। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। मित्रों, संबंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा।

**कर्क**
अपने स्वभाव में जिद्दीपन छोड़ दें। नौकरीपेशा लोग चिंतित रह सकते हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। स्वजनों से भेंट या उपहार मिल सकता है। कहीं आकस्मिक धन खर्च होगा।

**सिंह**
आनंददायी प्रवास संभव होगा। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। आज का दिन आपके लिए कठिनाई भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है।

**कन्या**
समाज में मान-सम्मान मिलेगा। आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। सुखमय प्रसंग बनेगा।

**तुला**
आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा। सामाजिक जीवन में आप सफलता और यश प्राप्त कर पाएंगे।

**वृश्चिक**
आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। काम में यश की प्राप्ति होगी। मित्रों से मुलाकात होगी। रुके हुए काम आसानी से बन पाएंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। व्यर्थ उग्रता को टालें, नहीं तो काम बिगड़ सकता है।

**धनु**
घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है। माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सरकारी तथा संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रों पर सही या मुहर लगाने में सावधानी रखें।

**मकर**
आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। दूसरों के प्रति नफरत की भावना पर संयम रखें। नए काम की शुरुआत ना करें।

**कुंभ**
मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी। पेट दर्द, अजीर्ण से आप परेशान रहेंगे। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रिय दोस्त आपके दिल को चोट पहुंचा सकते हैं। आज यात्रा, प्रवास टाल दें।

**मीन**
किसी भी काम में सोच-समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यार भरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक काम में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ की संभावना भी अधिक है। आज का दिन शुभ फलदायी है।

## शख्सियत

**संसार को कर्मभूमि कहा गया है, हमारे कर्म ही हमारी पहचान बनते हैं। पीड़ित मानव की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं शायद इसलिए जमीन से जुड़कर भी लोग आसमां छूं लेते हैं यदि मन साफ और निश्छिल हो तो..........**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप सेठी। जोकि हमारे आर्दश भी हैं। अलवर में बाल रोग के लिए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्टिपल का सपना इन्होनें ही साकार किया था जब नवजात शिशु को दिल्ली या जयपुर लेकर भागना पड़ता था लेकिन अब जटिल से जटिल समस्या का उपचार यहां सेठी हॉस्पिटल में डॉ.दिलीप सेठी कर रहे हैं। इनका जन्म 22 जून 1956 को अलवर के टहला गाँव में हुआ। प्राथमिक शिक्षा सरकारी विद्यालय टहला में हुई आगामी शिक्षा-यशवंत स्कूल, अलवर से की एमबीबीएस. - 1973 बैच एसएमएस मेडिकल कॉलेज से की और एमडी 1983, एसएमएस मेडिकल कॉलेज से की। काफी लम्बे समय इन्होंने 1983-1992 तक -कोटपूतली, भरतपुर, अलवर जिलाअस्पताल में अपनी शानदार सेवाए दी।1993 में खुद का हॉस्पिटल खोला। बच्चों के अस्पताल में सेठी चिल्ड्रन हॉस्पिटल (जिला अस्पताल से इस्तीफा देने के बाद)। (अलवर जिले में सबसे बड़ा डिस्टिकेटेड (एली)लॉडियाट्रिक अस्पताल) के माध्यम से जनसेवा की यही नहीं आरएसएस व भारत विकास परिषद से भी जुडे हुए है। डॉ.दिलीप सेठी बहुत होनहार डॉ.के रूप में जाने जाते रहे हैं। शिशु रोग में बेहतरीन चिकित्सा के माध्यम से हजारों नौनिहालों की जान बचाए जाने का जीता जागता नाम है डॉ.दिलीप सेठी। लगभग अपने जीवन के सात दशक निकालने के बाद भी कार्य के प्रति उर्जा और समर्पण का भाव आपकों दिलीप बनाता है। अपने साथ काम करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल व अनुशासन प्रिय डॉ.दिलीप सेठी का नाम शुमार है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके स्वास्थ्य जीवन व दिर्गायु जीवन की कामना करती है।

**जय हिन्द**



डॉ. दिलीप सेठी
( डायरेक्टर सेठी हॉस्पिटल,अलवर )

## आज का इतिहास

### 10 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- असीरियाई सम्राज्य के राजा शिनशारिसकुन की हत्या 612 में हुई, निनेवह नगर का पतन हुआ।
- पुर्तगाली समुद्र जहाज के कैप्टन डियागो डियाज मैडागास्कर को 1500 में देखने वाले पहले यूरोपीय बने।
- पुर्तगाजी सैनिकों ने 1511 में मलेशियाई राज्य मलक्का के एक हिस्से पर कब्जा किया।
- ओटोमन सम्राज्य और ऑस्ट्रिया ने 1664 में शांति के लिए वसवार की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- इंग्लैड के राजा चार्ल्स ने 1675 में ग्रीनविच वेधशाला की आधारशिला रखी।
- हालैंड और फ्रांस के बीच 1678 में निजम्गेन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- कर्लोस तृतीय 1759 में स्पेन का सम्राट बना।
- अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा करने वाले दस्तावेज की प्रति औपचारिक रूप से 1776 को लंदन पहुंचे।
- तुर्की ने 1787 में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पेरिस में 1793 को लूव्र संग्रहालय का उद्घाटन हुआ। 200 साल पुराने पश्चिमी कला इतिहास इस संग्रहालय में दर्ज है और इनमें से एक है मोनालीसा।
- इक्वाडोर ने 1809 में स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- मिसौरी 1821 में अमेरिका का 24वां राज्य बना।
- सीरिया में 1822 को आये विनाशकारी भूकंप से 20,000 लोगों की मौत हुई।
- कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में 1831 को चक्रवाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1846 में स्मिथसोनिया इंस्टीट्यूट स्थापित करने के विधेयक को मंजूरी दी।
- बच्चों के चहेता स्पाइडरमैन कॉमिक बुक 1962 में अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया था।
- प्रथम विश्व युद्ध में 1920 को पराजित होने के बाद उसमानी शासन ने सीवरेस समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- इटली और स्पेन के बीच 1926 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- द्वितीय विश्व युद्ध में 1945 को जापान की पराजय के बाद कोरिया का उत्तरी भाग रुस की लाल सेना के अधिकार में चला गया और कुछ दिनों बाद कोरिया का दक्षिणी भाग अमरीका के अधिकार में चला गया।
- अमेरीका के अंतरिक्ष अधिकारियों ने 1966 में केप केनेडी से अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने हेतु पहला अंतरिक्ष यान भेजा। जो 29 अक्तूबर को चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त होकर तबाह हो गया।
- उपग्रह एसएलवी-3 का प्रक्षेपण 1979 को किया गया।
- पंद्रह महीने की यात्रा के बाद मगैलन अंतरिक्ष यान 1990 में शुक्र पर पहुंचा था। शुक्र पर उतरने से पहले कुछ देर तक के लिए उसका संपर्क कैलिफ़ोर्निया स्थित संचालन केंद्र से टूट गया था।
- चेचेन्या में इस्लामिक भूरा ने 1999 में दागिस्तान को स्वतंत्र घोषित किया।
- श्रीलंका में 2000 को सिरीमावो भंडारनायके का प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा, आर। विक्रमानयके श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री नियुक्त, जिनेवा में आत्मनिर्णय के अधिकार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन।
- अमेरिकी प्रक्षेपास्त्र प्रणाली को 2001 में रूस का सशर्त समर्थन।
- यूरी मालेनचेंको पहले ऐसे व्यक्ति बने जिन्होंने अंतरिक्ष में 2003 को शादी रचाई थी।

## विशेष आलेख

# देश के आर्थिक विकास में नवप्रवर्तन की प्रगतिशीलता ही से ही वैश्विक अस्तित्व



**संजीव ठाकुर**

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3त्न नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है।

यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# उद्योग विभाग के सुल्तान मीना और अजय गुप्ता को घूस के एक लाख रुपए सहित एसीबी ने धरा

## अजय की बूंदी में पोस्टिंग, पर टोंक में दखल रख रहा था, गलत रिपोर्ट बनाकर देने के ले रहे थे रुपए

### निवाई का चार्टड एकाउन्टेंट भी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** सरकार की विभन्न् योजनाओं में गलत रिपोर्ट बनाकर अनुचित लोगों को ऋण दिला उन्हें फायदा पहुंचाने की एवज में रुपए लेने की शिकायत पर शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने टोंक जिला उद्योग केंद्र के मुख्य प्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा और बूंदी जिला उद्योग केंद्र के वरिष्ठ सहायक अजय गुप्ता खंडेलवाल को गरफ्तार कया है। बताया जाता है कि अजय गुप्ता पहले टोंक में बरसों तक कार्यरत था। गड़बड़ी की शकायतों पर उसका तबादला बूंदी कर दिया गया था। इसके बाद भी वह टोंक जिले के लोगों के सम्पर्क में था। उनके पास से ऐसे ही एक काम में ली गई रिश्वत की एक लाख रुपए की राश भी बरामद हुई है।

इसके अलावा मामले में संलिप्त आरोपी चार्टेड अकाउंट निवाई निवासी जयंत जैन को भी गिरफ्तार किया है। एसीबी की इस कार्रवाई से टोंक में हड़कंप मच गया। इस दौरान एसीबी ने निवास पर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। इसमें अवैध रुप से 6 लाख की नकदी भी बरामद हुई। जिसका आरोपी कोई जवाब नहीं दे पाएं।



**फर्जी रिपोर्ट बनाने की एवज में हो रहा था रिश्वत का खेल :** एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि टोंक जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक और एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ फर्जी रिपोर्ट बनाने की एवज में भ्रष्टाचार किए जाने की सूचना मिली। इसमें पता चला कि मुख्य प्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा ,दलाल सहायक कर्मी अजय खण्डेलवाल के जरिए से विभिन्न औद्योगिक विकास योजनाओं में गलत रिपोर्ट बनाने, गलत लोन पास करने, फर्जी बिलों के आधार पर अयोग्य व्यक्तियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की एवज में रिश्वत राशि का भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इस पर एसीबी मुख्यालय ने तकनीकी रूप से शिकायत का सत्यापन किया, जो जांच में सही पाई गई।

चार्टड अकाउंटेट को दबोचा एसीबी ने एसीबी के एडीजी ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ सहायक अजय गुप्ता खण्डेलवाल 1 लाख की रिश्वत लेकर उद्योग केंद्र के चीफ मैनेजर सुल्तान मीणा को उनके आवास पर देने आया। इस पर पहले से घात लगाकर बैठी ब्यूरो की टीम ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथ दबोच लिया। सुल्तान मीणा ने एक लाख की रिश्वत एक रिसोर्ट की फाइल को कंप्लीट करने की एवज में ली थी। बताया कि जा रहा है अजय खंडेलवाल पहले टोंक में सुल्तान मीणा के अधीन काम कर चुका है, बूंदी में पोस्टिंग होने के बाद भी मिलीभगत के चलते वह टोंक की हर फाइल को अवैध रुप से डील करता था।

#### टोंक, जयपुर और भीलवाड़ा की संयुक्त टीमों ने की कार्रवाई

एसीबी के एडीजी ने बताया कि यह मिशन एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपर विजन में अंजाम दिया गया। इस दौरान शिकायत का सत्यापन के बाद शुक्रवार दोपहर को एसीबी टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल, एसीबी इकाई भीलवाड़ा के उप अधीक्षक पुलिस पारसमल एवं एसीबी की एसआईयू इकाई जयपुर के पुलिस निरीक्षक सज्जन कुमार की टीमों ने कार्रवाई करते तीनों आरोपी को दबोच लिया। फिलहाल एसीबी आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।



## कावड़ यात्रा को लेकर बैठके आयोजित

# उच्चाधिकारियो ने लिया मौका स्थिति का जायजा प्रशासन की सहमति में प्रकट की सहमति

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** श्री शिव कावड़ यात्रा समिति मालपुरा द्वारा 11 व 12 अगस्त को प्रस्तावित रूप से निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा को लेकर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता व जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन सहित अन्य जिला व ब्लाक स्तर के सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो की मौजुदगी में शुक्रवार को बैठके आयोजित हुई।

पंचायत समिति सभागार में सामुदायिक समन्वय समिति व शांति समिति मालपुरा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजुद शहर के सभी प्रबुद्धजनो व समिति सदस्यो ने एक स्वर में मालपुरा में अमन चेन शांति के लिए सभी को मिलकर सामूहिक रूप से प्रयास करने का सूझाव रखा। प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा को लेकर अब तक बनाई योजना के बारे में जानकारी दी जाकर यात्रा को शांति से निकलवाने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई। इसके बाद मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुस्लिम समाज की ओर से सेवानिवृत शारिरीक शिक्षक रईस अहमद ने बताया कि प्रशासन की सहमति में समाज की सहमति है। प्रशासन जैसा चाहे वैसा करे उसी में समाज पूर्ण सहयोग करेगा। समाज को पूर्ण विश्वास है कि प्रशासन जो भी निर्णय लेगा मालपुरा में अमन चेन शांति व कानून व्यवस्था कें हित में लेगा। इसलिए समाज प्रशासन के निर्णय के साथ है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर कैलाश चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुवार कंस्वा, पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार, उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, थाना प्रभारी मालपुरा चेनाराम बेड़ा, थाना प्रभारी डिग्गी कप्तान सिंह सहित अन्य कई जिला व ब्लाक स्तर के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजुद रहे।

**उच्चाधिकारियो ने लिया मौका स्थिति का जायजा :** बीति देर शाम संभागीय आयुक्त महेश चन्द शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार, जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण ने कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुंवार कस्वा, उप पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार, तहसीलदार राहुल पारीक सहित अन्य विभागीय अधिकारियो के साथ कावड़ यात्रा के प्रस्तावित मार्ग सहित नवीन मण्डी स्थित केदारनाथ मन्दिर जहां कावड़ियो द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा, मौका स्थिति का जायजा लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर बैठक आयोजित : जिला कलक्टर ने अधिकारियो को लापरवाही नहीं बरतने की दी चेतावनी

# पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करने पड़े : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** पंचायत समिति मालपुरा के सभागार में डिग्गी में 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 59वें लक्खी पदयात्रा मेले की व्यवस्थाओं को लेकर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन सहित अन्य जिला व ब्लाक स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो व श्री कल्याण मन्दिर ट्रस्ट के ट्रस्टीयो व कर्मचारियो की मौजुदगी में बैठक आयोजित हुई।



शुक्रवार को आयोजित बैठक में मौजुद जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि पदयात्रा मेले की व्यवस्था बाबत जिस विभाग के अधिकारियो को जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे अधिकारी ईमानदारी व कर्तव्य के साथ समय पर पूर्ण कर मेले को शांति पूर्ण व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने में सहयोग प्रदान करे। उन्होंने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। प्रशासन के सभी अधिकारी पूरी मुश्तेदी के साथ मेले की व्यवस्था में लगे हुए हैं। गत दिनो क्षैत्र में हुई भारी व मूसलाधार बारिश के बाद उपजे बाढ़ के हालातो को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन, पुलिस सहित अन्य सभी अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि तेज पानी के बहाव वाले क्षैत्रो सहित पानी भराव व पानी से संभावित दुर्घटना स्थलो समय पूर्व चिन्हीकरण इन स्थानो पर सुरक्षा के अतिरिक्त व व्यापक प्रबन्ध किए जाए। जिससे किसी भी प्रकार की जन धन हानि को रोका जा सके। जिला कलक्टर ने ट्रस्ट के पदाधिकारियो व कर्मचारियो को भी निर्देश दिए कि प्रशासन की ओर से ट्रस्ट को जिन व्यवस्थाओ व कार्यो की जिम्मेदारी सौंपी है ।


**17 सीसी का नोटिस जारी :** राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियो को लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर पूर्व में आयोजित बैठक में सांगानेर से मालपुरा की ओर आने वाले मुख्य सड़क मार्ग में डिग्गी तक जंगल कटिंग सहित पेचरिपेयर कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन आज तक पेच रिपेयर नहीं होने व जंगल कटिंग का कार्य नहीं होने के चलते निगम के भीलवाड़ा स्थित कार्यालय के अधिशासी अभियन्ता को 17 सीसी का नोटिस जारी कर समय पर कार्य नहीं कराने के कारण सहित रिपोर्ट देने को कहा गया है।

**एसपी नैन ने दी सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी :** 59वें लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बाबत जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुवार कस्वां व पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में मेला अवधि के दोरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बताया गया कि मेला अवधि के दौरान सम्पूर्ण डिग्गी धाम कड़े सुरक्षा घेरे में रहेगी। मेला अवधि के दौरान समूचे डिग्गी में सात सो अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात रहेगें। साथ ही इनके अलावा डीवाइएसपी व थानाधिकारी स्तर के कईं अधिकारी भी तैनात रहेगें। उप पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि मालपुरा से डिग्गी की ओर जाने वाले जाने वाले वाहनो को पचेवर रोड से एवं मालपुरा से टोंक की ओर जाने वाले वाहनो को टोडारायसिंह होकर भेजा जाएगा। डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि मेला अवधि के दौरान किसी भी पदयात्रा के साथ झांकी ले जाने पर पाबन्दी रहेगी। डिग्गी नुक्कड़ चौराहे से डिग्गी की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर एक लेन पर पदयात्री व दूसरी लेन पर केवल रोडवेज बसो का संचालन होगा। अन्य किसी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर

## सुरक्षा ऐसी कि कावड़ियो के अलावा परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा

## कावड़िए होगें कड़े सुरक्षा घेरे में, चप्पे चप्पे पर अधिकारी व जवान होगें तैनात



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री शिव कावड़ समिति के तत्वावधान में 11 से 12 अगस्त को कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरे अलर्ट मोड़ पर आकर कड़ी सुरक्षा कर मार्ग में चप्पे चप्पे पर पुलिस के अघिकारी व जवान सहित आरएसी व एसटीएफ की कम्पनीयो में शामिल जवान तैनात होगें। समिति की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 अगस्त रविवार को मालपुरा शहर के कावड़िए रवाना होकर बीसलपुर स्थित अति प्राचीन बीसलपुर महादेव मन्दिर पहुंचेगें। कावड़िए यहां से पवित्र जल लेकर रवाना होगें जो मोर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेगें। कावड़िए 12 अगस्त को कावड़िए मोर से रवाना होकर टोरड़ी, अम्बापुरा, आरएसी चोकी, टोडा रोड, डेयरी तिराहा, व्यास सर्किल से होकर केदारनाथ मन्दिर में भगवान शिव का अभिषेक करेगें। इस कावड़ यात्रा में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक बाबा बालकनाथ, बालमुकुन्दाचार्य , साध्वी समदर्शी शामिल होगें। दूसरी ओर कावड़ यात्रा को लेकर मालपुरा का पुलिस प्रशासन पूरे अलर्ट मोड पर है। पुलिस प्रशासन की ओर यात्रा से लेकर मालपुरा में प्रवेश करने के दिन सुरक्षा के कड़े इन्तजाम किए जाएगें। जिसमें कावड़ यात्रा के दिन 12 अगस्त सोमवार को सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल के आदेशानुसार कावड़ यात्रा के दिन 12 अगस्त को सुरक्षा की दृष्टि से 4 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 8 पुलिस उप अधीक्षक, 30 एएसआई, 13 सीसी, 400 पुलिस के जवानो के अलावा 5वीं, 9चीं, 11वीं व 14वीं आरएसी बटालियन की एक एक कम्पनी व एसटीएफ की एक कम्पनी सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए तैनात की जाएगी। कावड़ यात्रा के मालपुरा में प्रवेश करने के साथ ही तीसरी आंख के रूप में सीसीटीवी केमरे यात्रा में शामिल प्रत्येक आम जन पर तथा आसमान से ड्रोन के जरिए पूरी कावड़ यात्रा पर नजर रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन का दावा है कि मालपुरा शहर में कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियो के अलावा परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

इसके अलावा पुलिस प्रशासन की ओर से मालपुरा में अमन चेन शांति तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आव्हान किया गया है। साथ चेतावनी दी गई है कि यदि इसमें किसी ने खलल अथवा व्यवधान उत्पन्न किया तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त और कड़ी कार्रवाई करेगा जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होगा।

### मान व खिलेरी को लगाया मालपुरा

मालपुरा शहर में 11 व 12 अगस्त को प्रस्तावित रूप सें निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से मालपुरा में पूर्व में अपनी सेवाऐं दे चुके पुलिस उप अधीक्षक सुशील मान व पूर्व में थानाधिकारी मालपुरा के पद की सेवाऐ देकर पदौन्नति से पुलिस उप अधीक्षक बने भूराराम खिलेरी को भी सुरक्षा की दृष्टि से मालपुरा लगाया गया है।

# सन् शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियालों राजस्थान महोत्सव का रंगारंग आयोजन, महिलाओं ने दी प्रस्तुतयां, लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** सन् शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को सावन के पवित्र महीने में हरियालों राजस्थान महोत्सव का रंगारंग आयोजन हुआ ।विद्यालय प्रधानाचार्या कामिनी श्रीवास्तव ने सभी आगंतुक महिलाओं का स्वागत किया । उन्होंने बताया की वर्तमान समय में हमारे पर्यावरण को बचाने के लिये वृक्षारोपण कर उनकी देख भाल करने की सबसे ज़्यादा आवश्यकता है । हमारी राजस्थान सरकार ने भी 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान चलाया हुआ है । इस अभियान के तहत भी गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में पोधरोपण किया गया था। साथ ही विद्यार्थियों व अभिभावकों को भी वृक्षारोपण के लियें प्रेरित किया गया । इस अवसर पर महिलाओं के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम राउंड में संगीता , द्वितीय राउंड में राधा जैन एव तृतीय राउंड में ममता पांचाल विजेता घोषित किये गये । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समाज सेविका बीना छामुनिया ने महिलाओं द्वारा दी प्रस्तुतियों की जम कर सराहना की साथ ही पौधा रोपण किया । इस अवसर पर स्वाती शर्मा, शीला गोस्वामी, खेमलता विजय, शिमला चौधरी, कृष्णा शर्मा, मधुबाला, संगीता साहू, सरोज साहू, राधा जैन, रिंकु हाड़ा, शिवानी गुप्ता, विमला बैरवा, गीता गोस्वामी, ममता पांचाल, अंजना जैन,रीना खंडेलवाल, मीनाक्षी जैन, अंजू साहू, वजेदा तबस्सुम, कविता चौहान, उगनता यादव, ऐमन ख़ान, नवीन प्रभा, अवनी विजय, उर्वशी विजय, टीना यादव, असरा ख़ान, राफ़िया ख़ान,रेखा साहू, अन्नू नायक, दया नायक आदि उपस्थित रहे ।




# गुंसी गांव के मॉडल तालाब के ओवर फ्लो पानी की निकासी में हो रहे अतिक्रमण को हटवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत गुंसी के ग्रामीणों ने सरपंच सुनिता देवी के नेतृत्व में गांव के मॉडल तालाब के ओवर फ्लो के पानी की निकासी पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर के नाम गिरदावर श्योपाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, महेश सैनी, शिवराज मीणा, पप्पूलाल, सुनील सैनी, राजेश मीणा, रामफूल, नाथू लाल सैनी एवं बाबू लाल सैनी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी को कुछ प्रभावशाली लोगों ने पक्का निर्माण कर अवरुद्ध कर दिया है । उन्होंने बताया कि समय रहते निकासी मार्ग को खुलासा नहीं करवाया गया तो तालाब कभी भी टूट सकता है जिससे काफी जन धन की हानि हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से ओवरफ्लो पानी की निकासी का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है।

# ध्वज पताका के साथ विधायक रामसहाय वर्मा ने गोपालजी महाराज की पदयात्रा को किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** गांव यादव गोपालपुरा में शुक्रवार को विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ गोपालजी महाराज झिलाय के लिए तीसरी पदयात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को विधायक रामसहाय वर्मा ने यात्रियों का अभिनन्दन करते हुए ध्वज पताका का पूजन करके रवाना किया। यादव गोपालपुरा से गोपालजी का मंदिर झिलाय के लिए पदयात्री एकत्रित होकर जयकारों के साथ सुबह 8 बजे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा का श्रद्धालूओं ने भव्य स्वागत किया। विधायक वर्मा ने पदयात्रा की मंगलकामना करते हुए ध्वज पताका के साथ रवाना किया। समिति अध्यक्ष एडवोकेट बनवारीलाल यादव ने बताया कि पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ संजीवन झांकी के रूप में रवाना होकर गोपाल जी का मंदिर झिलाय पहुंची। इससे पूर्व यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं जलपान कराकर स्वागत किया। पदयात्रा में श्रद्धालूओं डीजे के मधुर भजनों पर जमकर भक्तिनृत्य किया। पदयात्रियों ने क्षेत्र में सुख शांति एवं खुशहाली के लिए मन्नते मांगी। वही शाम को महाआरती के साथ भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच भंवरलाल यादव, एड़वोकेट बनवारीलाल यादव, नारायणलाल यादव, जंशीलाल धाबाई, कालूराम, गिर्राज यादव व रामफूल यादव सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



# महा दंगल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**दतवास( नि.स. ) ।** उपतहसील दतवास में आदिवासी दिवस पर तहसील भवन के पास पंडाल में मीना महा दंगल का आयोजन हुआ। सियाराम हंसराज मीणा हजारी मीणा श्रीकृष्णा मीणा ने दीप जलाकर मीणा महा दंगल का शुभारंभ किया। जिसमें गायक कलाकार पांचूराम चूनाराम मीणा व सूरजन मीणा ने मीणा ढांचा गीतों से श्रोताओं को हंस हंस कर प्रफुलित कर दिया। गायक कलाकारों ने मीणा गीतों की प्रस्तुतियां दी जिससे श्रोता बरसात में भी डटे रहे महा दंगल की व्यवस्था को पुलिस प्रशासन संभालते दिखे। इस मौके पर रामसहाय मीणा सरपंच मदन मीणा गुड़ा नाथू चोरपुरा हजारी मीणा छोटू मुंशी सीताराम मीणा श्रीकृष्णा मीणा दशरथ सिंह जगदीश मीणा कन्हैया लाल मीणा रामसहाय मीणा बाबूलाल गुर्जर पूरणमल बैरवा नितेश सरपंच तुरकिया रामकेश मीणा रमेश मीणा सहित लोग मौजूद थे।

# जरा सी लापरवाही ने लील ली चालक की जिदंगी

## चालक ने ट्रांसफार्मर के पास खड़ा किया था कंटनेर, गेट खोलते ही तार छूने से दौड़ा करंट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** जरा सी लापरवाही ने कंटेनर चालक की जान लील ली। चालक ने ट्रांसफार्मर के पास कंटनेर खड़ा किया और उतरने लगा। उतरने के दौरान कंटनेर का दरवाजा ट्रांसफार्मर के तारों को छू गया। इससे चालक की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार सुबह बगरू थाना इलाके की है। पुलिस ने घटना की जानकारी कंटनेर मालिक और मृतक के परिजनों को दे दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह सोलिटीयर पार्क औद्योगिक एरिए में एक चालक ने अपना कंटनेर ट्रांसफार्मर के पास खड़ा कर दिया और उतरने के दौरान तार छू आने से कंटेनर में करंट दौड़ गया। इससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोकुलपुरा दिल्ली निवासी मुस्तकिम के रुप में हुई है। थानाधिकारी हरिश चंद सोलंकी ने बताया कि मुस्तकिम माल लेकर औद्योगिक एरिए में आया था। कंटेनर खड़ा करने के दौरान ट्रांसफार्मर का तार छू गया, इससे उसे जोरदार करंट लगा। लोगों ने किसी तरह से तार को दूर दिया और चालक को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गांव-गांव ढाणी-ढाणी तक पहुंचेगा देशभक्ति का संदेश

## जयपुर जिला परिषद ने 70 हजार ध्वज वितरण का रखा लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेशवासियों में गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत जयपुर जिला परिषद 70 हजार ध्वज वितरण का लक्ष्य पूरा करेगी। जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा ने आमजन से हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घर एवं संस्थान के भवनों पर तिरंगा फहराने की अपील की है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य गांव-गांव ढाणी-ढाणी तक देशभक्ति की भावना का संचार करना है। अभियान के तहत 10 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति स्तर पर तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 11 अगस्त को तिरंगा बाइक, कार, साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर 12 अगस्त को ग्रामीण मैराथन का आयोजन होगा, वहीं, 13 अगस्त एवं 14 अगस्त को देशभक्ति कार्यक्रम तिरंगा कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा।

# ओलम्पिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम का कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

## शर्मा ने पुरूष हॉकी टीम को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलम्पिक में पुरूष हॉकी टीम को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय टीम ने स्पेन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जो जीत दर्ज की है, वह पूरे देश के लिए स्वर्णिम पल है। साथ ही, भारतीय हॉकी टीम का लगातार दो ओलम्पिक्स में पदक जीतना उनकी इस उपलब्धि को खास बनाता है।शर्मा ने कहा कि दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत एवं टीम भावना से प्राप्त यह ऐतिहासिक जीत पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है।

# नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर पति के दोस्त ने किया महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.) ।** खोह नागोरियान थाना इलाके में पति के दोस्त ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित ने पीडिता के अश्लील विडियो बना लिए और उसका देह शोषण करने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश निवासी 26 वर्षीय एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि वह पति के साथ किराए से खोह नागोरियान इलाके में रहती है। आरोपित जितेंद्र उसके पति का दोस्त है। पति का दोस्त होने के कारण उसका घर पर आना-जाना था। आरोप है कि पति की गैरमौजूदगी में जितेंद्र घर आया। बातचीत के दौरान घर में अकेला पाकर पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक ले आया। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर उसे पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी जितेंद्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के दौरान उसका अश्लील वीडियो बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो दिखाकर चुप करवा दिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर देह शोषण करने लगा। बातचीत के दौरान पति को पता चलने पर आरोपित झगड़ा कर धमकाने लगा। इस पर पीडिता अपने पति के साथ थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फोरहेक्स फेयर का बिड़ला ऑडिटोरियम में हुआ आगाज

## जयपुर की कला-संस्कृति सहित हस्तशिल्प की विरासत के बारे में जानने का मिलेगा मौका

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** राजधनी जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में चार दिवसीय हैंडीक्राफ्ट्स फेयर ( फोरहेक्स फेयर) की भव्य शुरुआत हुई। जयपुर की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने और लोगों में हस्तशिल्प की विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फोरहेक्स फेयर का 10वां संस्करण डेवलपमेंट कमिशनर, मिनिस्ट्री ऑफ़ टेक्सटाइल, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया, ईपीसीएच (एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स), पीएमएस योजना के माध्यम से एमएसएमई और आईईएमएल (इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड) से ई-नर्चर द्वारा स्पॉन्सर्ड है। यह बहुप्रतीक्षित चार दिवसीय फेयर बारह अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। फोरहेक्स फेयर के प्रेसिडेंट जसवंत मील ने बताया कि इस वर्ष ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड की सीएसआर परियोजना ई-नर्चर के कारीगर भी फोरहेक्स मेले में भाग ले रहे हैं और राजस्थान के उत्साही ग्राहकों को अपने उत्पाद बेचने के लिए पेश कर रहे हैं। ई-नर्चर एक सामाजिक परियोजना है जो उत्पाद डिजाइन, रुझान, गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग, सोशल मीडिया और निर्यात अभिविन्यास पर कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ भारत के विभिन्न समूहों में कारीगरों के जीवन को प्रभावित कर रही है। इसके अलावा, विभिन्न मेलों में भागीदारी के माध्यम से अपने उत्पादों के विपणन में ई-नर्चर कारीगरों को सहायता भी प्रदान की जाती है। फेयर में इस वर्ष जयपुर के अलावा बरेली, भुज, होशियारपुर, इंफाल, लखनऊ, रांची, वाराणसी, देहरादून, हैदराबाद, कोलकाता, फिरोजाबाद, रेवाड़ी, बिहार आदि से तीस से अधिक हस्तशिल्प कारीगर अपने शिल्प का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें कच्छ बंधनी, लोक चित्रकला, हस्तनिर्मित कालीन, सांझी कला आभूषण, बेंत और बांस मधुबनी पेंटिंग, ठीकरी पेंटिंग्स, हॉर्न एंड बोन आर्ट, पत्थर की नक्काशी और कपड़ा आधारित शिल्प उत्पाद और विभिन्न कलाओं की मिश्रित रेंज शामिल है। विजिटर्स फेयर में वस्त्र, होम डेकोर, फर्नीचर, लाइटिंग, कालीन, मिट्टी के बर्तन और अन्य उत्तम उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का आनंद ले सकते हैं। इक्कीस सौ वर्ग मीटर के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र वाले इस मेले में खुर्जा, पानीपत, संबल, श्रीनगर, जोधपुर और उदयपुर, श्रीगंगानगर और जयपुर से प्रतिभागी शामिल हुए हैं। फोरहेक्स फेयर का उद्घाटन चीफ गेस्ट रोहित गुप्ता (आईएएस), कमिशनर, इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स, गवर्नमेंट ऑफ़ राजस्थान; गेस्ट ऑफ़ ऑनर दिलीप बैद, चेयरमैन, ईपीसीएच; रजत वर्मा, एडी-डीसी हेंडीक्राफ्ट, मिनिस्ट्री ऑफ़ टेक्सटाइल, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया और आर के वर्मा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ईपीसीएच ने किया। उद्घाटन समारोह में फोरहेक्स के प्रेसिडेंट सुनीत जैन, फोरहेक्स के सेक्रेटरी रवि उतमानी और फोरहेक्स फेयर कन्वीनर अतुल पोद्दार भी मौजूद थे।

# 58 वर्षीय मरीज की महाधमनी में जोखिम स्थिति का इलाज इनोवेटिव एंडोवस्कुलर प्रोसीजर द्वारा सफलतापूर्वक किया

## नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सैक्युलर एन्यूरिज्म वाले मरीज को सफल थोरैसिक एंडोवस्कुलर महाधमनी रिपेयर द्वारा ठीक किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एक 58 वर्षीय मरीज को अवरोही महाधमनी (डिसेंडिंग एओर्टा) में बहुत ही बड़े सैक्युलर एन्यूरिज्म से ग्रसित होने पर जयपुर के नारायणा हॉस्पिटल में बचाया गया। हॉस्पिटल के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मरीज को थोरैसिक एंडोवस्कुलर महाधमनी रिपेयर (ञ्श्वङ्क्र) के माध्यम से नया जीवन दिया है।

मरीज लाल चंद को पिछले कुछ समय से सीने में तेज दर्द, पेट में दर्द और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस गंभीर स्थिति में उन्हें तुरंत हॉस्पिटल लाया गया। उनकी सीटी एंजियोग्राफी जांच में 1.5 सेमी का सैक्युलर एन्यूरिज्म पता चला, यह ब्लड वेसल की सतह पर एक गुब्बारे जैसा उभार होता है। यह एक खतरनाक स्थिति होती है जिससे व्यक्ति की स्ट्रोक या मृत्यु भी हो सकती है।

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, डॉ. अंशु काबरा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने थोरैसिक एंडोवास्कुलर एओर्टिक रिपेयर के साथ मरीज के इलाज का निर्णय लिया। इस न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया में एन्यूरिज्म के भीतर एक स्टेंट ग्राफ्ट लगाया जाता है, जो इसे रक्तप्रवाह से प्रभावी रूप से बाहर निकालता है और टूटने के जोखिम को कम करता है। मरीज में ऐसे गंभीर लक्षण थे, तो हमने एन्यूरिज्म के इतने बड़े होने का अनुमान नहीं लगाया था। एक बार जब हमने आकार और स्थान को समझ लिया, तो एक सटीक उपचार योजना तैयार करना महत्वपूर्ण था। सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा महाधमनी के अंदर ग्राफ्ट को फिट करना था, जो हृदय के सबसे जटिल हिस्सों में से एक है। 1.5 घंटे तक चलने वाली यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई और मरीज को चार दिनों के बाद सकारात्मक परिणाम के साथ छुट्टी दे दी गई।

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता अपने मरीजों को सिर्फ ठीक करना ही नहीं बल्कि नियमित फॉलो-अप, सर्जरी के बाद की देखभाल और निरंतर सहायता द्वारा उनकी सेवा करना है। यह हमारे उपचार प्रोटोकॉल का अभिन्न अंग हैं। हम सिर्फ बीमारी का इलाज नहीं करते हैं; हम व्यक्ति की देखभाल करते हैं।

यदि सैकुलर एन्यूरिज्म की बात की जाए तो यह एक गंभीर स्थिति होती है जिसमें समय रहते प्रभावी उपचार बहुत जरूरी होता है। यदि समय रहते इसका उपचार कर लिया जाए तो हृदय संबंधित समस्याओं पर जल्द राहत मिल पाती है।

## गोपालन मंत्री ने किया डेयरी और स्वीट एक्सपो के पोस्टर का अनावरण

# इण्डियन डेयरी ऐसासियेशन और इण्डिया एक्सपो मार्ट की ओर से माह नवम्बर-2024 में जयपुर में होगा एक्सपो



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** पशुपालन, गोपालन, मत्स्य एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने माह नवम्बर-2024 में जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के डेयरी और स्वीट एक्सपो के पोस्टर का विमोचन किया। डेयरी और स्वीट एक्सपो का आयोजन इण्डियन डेयरी ऐसोसियेशन के राजस्थान चैप्टर और इण्डिया एक्सपो मार्ट के संयुक्त आयोजन में सीतापुरा स्थित जेईसीसी कंवेक्शन सेन्टर में किया जायेगा। पोस्टर अनावरण के अवसर पर इण्डियन डेयरी ऐसोसियेशन राजस्थान चैप्टर के चैयरमेन करुण चण्डालिया, सचिव प्रीतेश जोशी, कोषाध्यक्ष गोविन्द गुप्ता, प्रमुख उधमी शिवराज सिंह बीठिया और इण्डिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबन्धक सम्बित कुमार मुण्ड भी उपस्थित थे। इंडियन डेयरी एसोसिएशन राजस्थान चैप्टर के सचिव प्रीतेश जोशी ने बताया कि एक्सपो में देशभर से डेयरी और स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटस और मशीनरी के निर्माता, विशेषज्ञ आदि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि एक्सपो में डेयरी और स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग इण्डस्ट्री में उपयोग में लायी जाने वाली अत्याधुनिक एवं नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन भी किया जावेगा। प्रीतेश ने कहा कि एक्सपो में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वाईब्रेंट राजस्थान की तर्ज पर राज्य में डेयरी और स्वीट उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित ब्राण्डस, मैन्यूफैक्चर्स, मशीनरी उत्पादक एवं विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। कुमावत ने डेयरी और स्वीट एक्सपो की सफलता की शुभकामनाऐं देते हुए आशा व्यक्त की कि डेयरी और स्वीट एक्सपो राजस्थान के इन दोनों परम्परागत उद्योगों के विकास को नई दिशा देगा।

# सौर ऊर्जा को सक्षम बनाने और डीकार्बोनाइजेशन विधियों के लिए मॉड्यूलर निर्माता और सौर निर्माता एक मंच पर

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. ) ।** ई क्यू इंटरनेशनल मैगजीन की ओर से जयपुर में सूर्य कॉन जयपुर और राजस्थान एनुअल सोलर अवार्ड्स का आयोजन किया गया। डेवलपर्स, आईपीपी, ईपीसी, सरकार, पॉलिसी मेकर्स, रेगुलेटर्स, खरीद प्रमुख, पीवी प्लांट डिजाइन और इंजीनियरिंग टीमों के शीर्ष लोग, एसेट मैनेजमेंट टीमों के प्रमुख, एचआर के प्रमुख, ऋण और इक्विटी फाइनेंसर, कंसल्टेंट और एडवाइजर्स, डिस्कॉम आदि सहित प्रमुख उच्च स्तरीय हितधारकों को एक साथ लाने के उद्देश्य से, सम्मेलन ने उपयोगिता पैमाने पर सौर, वितरित सौर और विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। ई क्यू इंटरनेशनल मैगज़ीन के सीईओ आनंद गुप्ता ने कहा कि हम इस कार्यक्रम को करने के लिए उत्साहित हैं, जहाँ शीर्ष कॉर्पोरेट,वाणिज्यिक, औद्योगिक और एमएसएमई पॉवर कंज्यूमर्स को सौर सक्षमता और डीकार्बोनाइजेशन विधियों के लिए सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिला। यह उन कंपनियों के लिए भी एक बढ़िया मंच है जो अपने संभावित ग्राहकों से मिलने के लिए सोलर रूफटॉप पैनल, सोलर पैनल आदि स्थापित करती हैं। इस कार्यक्रम ने मॉड्यूलर निर्माताओं, सौर निर्माताओं आदि को भी एक मंच प्रदान किया, जिन्होंने अपने ग्राहकों और खरीदारों के सामने अपनी तकनीक, क्षमताओं और इस क्षेत्र में किए गए चमत्कारों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में, अपने काम से सभी को प्रभावित करने वाले इंडस्ट्री लीडर्स को राजस्थान एनुअल सोलर अवार्ड्स सेरेमनी में मान्यता प्रदान की गई।

# गंगाजल लाने के लिए जयपुर से रथ रवाना : हरिद्वार से 21 हजार लीटर पवित्र गंगाजल से होगा शिवजी का महाशिवाभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** राजधानी जयपुर में सावन के चौथे सोमवार यानी 12 अगस्त को सोडाला नंदपुरी स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव -हनुमान मंदिर में हरिद्वार से लाए गंगाजल से भगवान शिव का महा शिवाभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही कैलाश मानसरोवर, सरयू, गंगा, यमुना, नर्मदा, गंगा सागर, बद्रीनाथ, पुष्कर, और रामेश्वरम से भी पवित्र जल की व्यवस्था की गई है। हरिद्वार से अभिषेक के लिए टैंकर के जरिए गंगाजल मंगवाया जा रहा है। इसे लेकर मंदिर महंत आचार्य अवधेश दास महाराज ने गंगाजल लाने के लिए जयपुर से रथ को रवाना किया और जयपुर में गंगाजल का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक पंकज ओझा ने बताया कि सावन के चौथे सोमवार यानी 12 अगस्त को दिन मंदिर में सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे तक भगवान भोलेनाथ का शिव महाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए कई प्रमुख तीर्थस्थलों से पवित्र जल मंगाए गए है। वहीं महाभिषेक के लिए हरिद्वार से 21 हजार लीटर पवित्र गंगाजल एक टैंकर में लाया जाएगा। इस आयोजन के लिए संतों की उपस्थिति में गंगाजल लाने के लिए गंगाजल रथ रवाना किया गया। पंकज ओझा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पंकज ओझा ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम अवधेश दास महाराज के पावन सानिध्य में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर स्वेज फार्म, सोडाला में सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। साथ ही महादेव का अभिषेक भगवान भोलेनाथ को प्रिय और पवित्र औषधियों जैसे विजया, प्रियंगु, नागकेसर, इत्र, दूध, शहद आदि से दिव्य वेद मंत्रों के साथ किया जाएगा। साथ ही मंदिर में बेलपत्र और शमी पत्र की भी निशुल्क व्यवस्था की जा रही है। वहीं इस कार्यक्रम के लिए किसी से भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सभी जयपुरवासी इस दिन यहां आकर हरिद्वार से लाए इस गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर सकेंगे। यह आयोजन भगवान शिव के आशीर्वाद को प्राप्त करने और धर्म के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो : विश्व हिंदू परिषद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** विश्व हिंदू परिषद् राजस्थान के क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय ने कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश हिंसा और अराजकता से ग्रसित है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद अराजक तत्व हावी हो गए हैं और कानून व्यवस्था सर्वथा निष्प्रभावी हो चुकी है. इस अराजक स्थिति में वहाँ के आतंकवादी जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद राजस्थान के क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद जयपुर प्रांत कार्यालय भारत माता मंदिर जयपुर में मीडिया को सम्बोधित करते हुए बोल रहे थे।

सुरेश उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से हिन्दू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। समय समय पर निरंतर अंतराल पर होने वाले ऐसे दंगों का ही परिणाम है कि बांग्लादेश में हिंदू जो विभाजन के समय 32 प्रतिशतथे, अब 8 प्रतिशत से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार



जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान, ऑफिस, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था व विश्वास के केंद्र मन्दिर तक सुरक्षित नहीं हैं। वहां पीड़ित अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हालत बद से भी बदतर होती जा रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्यवाही करें। सुरेश उपाध्याय ने कहा कि निश्चय ही भारत इस परिस्थिति में आंखे मूँद कर नहीं रह सकता।

# हर घर तिरंगा अभियान में हो हर विभाग हर व्यक्ति की सहभागिता : शेखावत

## एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में दिए निर्देश, कहा-सभी की रहे सक्रिय भागीदारी, दिए गए दायित्वों का करें ठीक से निर्वहन

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर वीसी का आयोजन आईटी सेंटर वीसी सभागार में किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं उपखंड अधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक सक्रिय सहभागिता के साथ हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। अभियान के दौरान हर्षोल्लास और उत्साह का माहौल नजर आना चाहिए।

अतिरिक्त कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं उपखंड अधिकारियों से कहा वे अपनी टीम को एक्टिवेट करें और दिए गए प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त कार्यक्रम बेहतरीन ढंग से संपादित करवाएं। कार्यक्रमों में जितने अधिक लोगों की सक्रिय भागीदारी होगी, उतने ही बेहतर परिणाम आएंगे और राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। इस दौरान उन्होंने तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेले आदि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एडीएम शेखावत ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत 10 अगस्त को प्रत्येक विद्यालय स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 11 अगस्त को नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर तिरंगा रैली होगी। 12 अगस्त को जिला स्तर पर तिरंगा मेला होगा। 13 अगस्त को तिरंगा संगीत कार्यक्रम होगा। 14 अगस्त को तिरंगा दौड़ आयोजित की जाएगी। इस दौरान 15 अगस्त तक तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तिरंगा कैनवास पर हस्ताक्षर कार्यक्रम होंगे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी दिए गए दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करें और स्वाधीनता दिवस समारोह में हर्ष और उत्साह के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम बिजेंद्र सिंह, डीएफओ भवानी सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, लेखाधिकारी प्रवीण सिंघल, सीडीईओ जगबीर सिंह, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, एडीपीआर कुमार अजय, डिस्कॉम के अनिल पूनिया, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, डीटीओ ओम सिंह शेखावत, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजु शर्मा, प्रो. हेमंत मंगल, प्रो. मूलचंद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़, पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, केवीएस प्रिंसिपल कृष्ण पाल सिंह चौहान, डीएसओ सुरेंद्र महला, आईसीडीएस डीडी डॉ नरेंद्र सिंह, सैनिक कल्याण विभाग के याकूब खान, अंजु नेहरा, नगर परिषद एक्सईएन पूर्णिमा यादव सहित अधिकारीगण मौजूद थे।



# जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन

## 500 से अधिक फलदार, छायादार एवं औषधियों वाले वृक्ष लगाये, आदिवासी कला व लोक कला का प्रदर्शन किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रानपुर कोटा स्थित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, कोटा-दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, शाहबाद किशनगंज विधायक ललित मीणा, सम्भागीय आयुक्त उर्मिला राजौरिया, विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी. मीणा, प्रेसिडेण्ट प्रो0 डी.पी. तिवारी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कोटा राजेश मीणा, विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ0 एन.के. शर्मा, अखिल भारतीय श्री मीना सामाजिक व शैक्षणिक समिति के पदाधिकारी व सदस्य हरि प्रकाश मीणा, हेमराज मीणा, दीन दयाल मीणा, हरि गोविन्द मीणा, पी.डी मीणा, बद्रीलाल मीणा, विश्वविद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य श्रीमती कमला मीणा, प्रो0 गोपाल सिंह, रामजीवन मीणा सहित विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा 500 से अधिक फलदार, छायादार एवं औषधियों वाले वृक्ष लगाये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी. मीणा ने विश्वविद्यालय की स्थापना के आधारभूत बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। समारोह मे उपस्थित विशिष्ट अतिथि कोटा-दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज ने अपनी संस्कृति के नाम पर जल जंगल कन्दराओं की रक्षा की है और कहा कि विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन एवं अन्य सदस्यों के सकारात्मक एवं सार्थक प्रयास से विश्वविद्यालय का निर्माण हुआ है। राजस्थान सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय विश्व का प्रथम निजी विश्वविद्यालय है यह सौभाग्य है कि कोटा नगर की स्थापना भी एक आदिवासी ने ही की है। कोई भी अच्छे काम में पूर्ण समाज की भागीदारी रहेगी, जिस समाज को सबसे ज्यादा शिक्षा की आवश्यकता थी वो आज सभी को शिक्षा प्रदान करने में अग्रेणी है, 2047 तक देश को विकसित बनाने में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव डॉ. संजय कुमार मीणा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रंजन कुमार प्रधान, सहायक आचार्य डॉ. अंजना जाटव, डॉ. मोहम्मद आशिद, डॉ अनुज विलियम्स, जयाराम मीणा, डॉ. नमिता गोस्वामी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. सुमन भारती मीणा, डॉ. जितेन्द्र दोतानिया, भारत शर्मा, हर्षिता जैन, मुख्य लेखा एवं वित अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, सहित महेन्द्र कुमार मालीवाल, योगेन्द्र मीणा, अभिषेक मीणा, दीनदयाल मीणा, महावीर प्रसाद मीणा, अरूणा मीणा, सचिन मीणा, दीपक कुमार सेन, कुशराज वर्मा आदि द्वारा वृक्षारोपण एवं मुख्य समारोह में सक्रिय योगदान दिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाने के लिये आशापुरा माता मंडल की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( नि.स. )।** आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान सहित अन्य विषयों को लेकर भाजपा आशापुरा माता मंडल की बैठक शुक्रवार को अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के मुख्य आतिथ्य में और जिला महामंत्री पवन जैन व जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में तथा जितेंद्र कावड़िया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न विषय को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने बैठक में संबोधित कहते हुए कहा की आजादी का पर्व 15 अगस्त 1947 को अनेक शहीदों की याद मे राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर 14 अगस्त को घर-घर तिरंगा से सजाकर अपने घर पर 15 अगस्त को तिरंगा लगाकर इसको राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर 11 अगस्त से 15 अगस्त तक इस पर्व को प्रत्येक घर, भवन, प्रतिष्ठान व आमजन में राष्ट्रवाद से ओतप्रोत और आजादी के नायकों के बलिदानों को याद करते हुए मनाया जाए। इसके लिए विस्तार से शक्ति केंद्रों पर मीटिंग की जाए, युवा मोर्चा के तत्वाधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा, हर बूथ अध्यक्ष द्वारा हर वार्ड मै रैली का आयोजन किया जाए साथ ही 12, 13 व 14 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों की स्मारकों पर साफ-सफाई कर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाए। 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मरण दिवस पर मौन जुलूस निकाला जाए। इन सभी के लिए रणनीति तैयार की गई।

जिला महामंत्री पवन जैन, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र कावड़िया ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान बैठक में जिला कार्यकरिणी सदस्य शिव प्रकाश सामरिया, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक दाऊसिंह भाटी, देहात कार्यकारिणी लक्ष्मण सिंह हुड्डा, सुरेश व्यास, मंडल उपाध्यक्ष श्रीकिशन जांगिड़, देवकीनंदन शर्मा, देवदास सोनी, गौरीशंकर भाटी, मंडल महामंत्री विजय दगदी, मंडल मंत्री मूल सिंह राजपुरोहित, कंचन देवी, कुंज बिहारी, सुनील जांगिड़, गौतम सेन, वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्माराम जांगिड़, कमल जांगिड़, प्रकाश जांगिड़ आदि सभी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्रांति दिवस पर भारत न्याय तिरंगा यात्रा सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में शुक्रवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार एक विशाल भारत न्याय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे सैकडो महिलाए व पुरूष मौजुद थे। यह कार्यक्रम सेन्दडा रोड स्थित एक होटल से एक रैली के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया जो सुबह चांग गेट पहुंची। जिला प्रवक्ता ऋषि लाबा ने बताया कि सेवादल कांग्रेस पार्टी की रीड की हड्डी है। शुक्रवार को क्रांति दिवस पर राजस्थान के प्रत्येक मुख्यालय पर शांतिपूर्ण तरीके से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए भारत न्याय तिरंगा न्याय यात्रा निकाल कर देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, बढ़ती विद्युत की दरे, गैस आदि के बारे में आमजन को बताया जाएगा । ब्यावर जिला मुख्य प्रक्षिशक यात्रा प्रभारी बालूराम सेन ने कहा कि भारत न्याय तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकाली गई तथा महात्मा गांधी जी ने 1942 में दांडी यात्रा निकाली उसी तर्ज पर ब्यावर में भी निकाली गई।

प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव सोहन मेवाडा ने कहा कि भारत न्याय तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी और भाजपा द्वारा महंगाई की मार नही सहेगा राजस्थान का नारा दिया। प्रदेश कांग्रेस सेवादल कमेटी द्वारा नवनियुक्त ब्यावर सेवादल की प्रभारी श्रीमती गंगा रावत ने कहा कि सेवादल के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने हेतु एवम् भारत न्याय तिरंगा यात्रा को लेकर निर्देश दिये। ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी ने कहा कि भारत न्याय तिरंगा यात्रा ब्यावर जिला मुख्य में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, अग्रिम संगठन एवम कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस अवसर पर ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, प्रदेश सेवादल महिला सचिव जाह्नवी भारवानी, ब्यावर विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, सेवादल ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष डा. अरविंद माथुर, जिला उपाध्यक्ष अरविंद भटनागर, पवन तातेड, अशोक मूंदड़ा, रामस्वरूप डागर, रवि मखीजा, रमेश अवस्थी, हनुमान सांखला, गोवर्धन सांखला, एडवोकेट नंदकिशोर लवासिया, जिला प्रवक्ता ऋषि लांबा, राजेश जादम, भरत भाटी आदि मौजूद रहे।

# 220 केवी जीएसएस निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन के लिए विभिन्न स्थान का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों से राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा बजट में विधानसभा क्षेत्र के छोटीसादड़ी में 220 केवी जीएसएस की घोषणा के साथ ही इसके निर्माण की क्रियान्विति भी शुरू हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक कृपलानी ने छोटीसादड़ी नगर के भंवर माता मार्ग पर भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन के लिए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। विधायक कृपलानी ने भूमि चयन को लेकर विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व प्रधान महावीर सिंह कृष्णावत, भाजपा ग्रामीण पूर्वी मंडल अध्यक्ष कैलाश गुर्जर, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रमेश गोपावत, नगर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र माली, उपखंड अधिकारी प्रवीण मीणा, पुलिस उपाधीक्षक गोपाल हिंडोनिया, तहसीलदार संजय चरकोटा, जिला परिषद सदस्य दलपत सिंह मीणा, नाथू लाल मीणा, वरदीचंद धाकड़, मोतीलाल जणवा, विष्णु पाटीदार, सुंदर दास बैरागी आदि मौजूद रहे।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत सभी उपखंड मुख्यालय पर हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(नि.स.)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए सभी उपखंड, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ।अभियान के तहत उपखंड, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तिरंगा यात्रा, तिरंगा प्लेज का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में अधिकारी-कर्मचारी, बच्चों, आमजन एवं विभिन्न विभागों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराए, इस हेतु 15 अगस्त तक इस अभियान का आयोजन किया जाएगा।

# प्रभारी सचिव सांवत ने की स्मृति वन की सराहना



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** चूरू जिले के प्रभारी सचिव भास्कर ए सांवत ने कहा कि संकल्प के साथ जो काम ठान लिया जाता है तो फिर उस कार्य की सफलता की हर राह आसान हो जाती हैं। जब छापर के लोगों ने ठान ही लिया कि वृक्ष लगाकर धरती को हराभरा बनाना है तो फिर यह क्षेत्र हरा-भरा हो जायेगा।

सांवत गुरुवार शाम ताल छापर में नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्ड लाइफ सोसायटी की ओर से स्मृति वन में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक वर्ष में पौधों की सार-संभाल के कारण इनकी अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उन्होंने स्मृति वन का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर चूरू जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने प्रभारी सचिव को संस्था के गौरैया बचाओ अभियान के संदर्भ में बताया और संस्था द्वारा निःशुल्क विवरण किये जा रहे बर्ड फीडर से पक्षियों के दाना चुगने के सम्बन्ध में भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने भी अपने हाथों से पेड़ लगाया और स्मृति वन में उपस्थित स्कूली बच्चों के साथ प्रकृति और पर्यावरण की चर्चा की। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने प्रभारी सचिव और जिला कलक्टर को मिट्टी के घरौंदे और बर्ड फीडर भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रभारी सचिव ने स्मृति वन में पीपल का पेड़ भी लगाया। आयोजन में एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार सुभाष स्वामी, क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास कुमार स्वामी, एल आई सी डीओ श्रीकांत आत्रेय, जुगल किशोर बिहानी, बाबू लाल सारस्वत, चंद्र प्रकाश पेडीवाल, गंगाराम प्रजापत, धन्नाराम प्रजापत, दिनेश कुमार दर्जी, पार्षद देवकीनंदन सैन, प्रह्लाद स्वामी आदि उपस्थित थे। संस्था के पार्थ सोनी, तेजकरण उपाध्याय, जितेंद्र स्वामी, नरेंद्र चोयल, मुकेश धाणक आदि आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया।

संचालन शंकर लाल सारस्वत ने किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गयी।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आज से शुरू होंगे कई कार्यक्रम, तिरंगा रैली आज

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जाएगा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 10 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शनिवार 10 अगस्त को ब्यावर में तिरंगा रैली एवं तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने तिरंगा रैली के लिए आवश्यक तैयारियो के दिशा निर्देश दिए हैं। यह तिरंगा रैली प्रातः 8 बजे भगत चौराहे से शुरू होकर चांग गेट तक निकाली जाएगी। जिला कलेक्टर ने तिरंगा रैली को सफल बनाने के लिए आमजन को ज्यादा से ज्यादा सहभागिता बनाने एवं रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों में विद्यार्थियों व आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा आमजन को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि इस दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा भी ली जाए।

# गोपीनाथ मंदिर में सात दिवसीय अखण्ड खड़ी सप्ताह का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जैतारण ( नि.स. )।** उपखण्ड के रास ग्राम में स्थित गोपीनाथ मन्दिर में शुक्रवार से सात दिवसीय अखण्ड खड़ी सप्ताह का पूर्ण विधि-विधान के साथ पीर नारायण नाथ महाराज के द्वारा मन्त्रोचारण के साथ शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सप्ताह समिति अध्यक्ष गोविन्द सिंह नरुका व कोषाध्यक्ष रवि सोनी ने बताया कि आज से पुरा एक सप्ताह तक अखण्ड ज्योति के साथ लगातार भजन कीर्तन चलेंगे। इस अखण्ड सप्ताह में क्षेत्र के आसपास के सभी भजन कलाकारों की पार्टी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां व मन मोहक झांकियां पेश करेगी। आयोजन में मन्दिर में रोजाना दिन में चार बार आरती कर वैष्णव किलावत परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। वही शुभारंभ के मौके पर समाजसेवी श्रीदास वैष्णव रास, नाथुलाल सोनी, कन्हैयालाल वैष्णव, भवरसिंह चौहान, ढ़गलाराम सांखला, पूर्व सरपंच करणसिंह राठौड़, सम्पतराज पोकरणा, पुजारी विद्याप्रकाश वैष्णव, पोकर दास वैष्णव, विजयराज जोशी, चेतन शर्मा, हीरासिंह रावत, जयप्रकाश वैष्णव, गोविन्द सोनी, अमराराम, राजु सैन, भाकरसिंह भाटी इत्यादि गणमान्य लोगों व भक्तजनों ने शिरकत की ।

# नवाचार : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ फंड से संवेदनशील जगहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

## जिला कलक्टर ने दिए निर्देश, छः होस्टल्स में बनेंगे बेटी पुस्तकालय

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, वनस्टॉप सेंटर प्रबंधन समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं आईएम शक्ति उड़ान योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा जिले के चार पुलिस सर्किलों पर स्थित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनः प्रस्ताव आमंत्रित करने के निर्देश महिला अधिकारिता विभाग को दिए गए। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के संचालन की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर द्वारा निर्देश दिये गए पुलिस द्वारा पति पत्नी के झगड़ों के मामलों में राजीनामा के प्रयास के साथ-साथ गंभीर मामलों में एफआईआर की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जानी चाहिये। महिला थाना धौलपुर स्थित केंद्र की मरम्मत भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत करवाने के निर्देश दिये गए। वन स्टॉप सेंटर की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर द्वारा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय धौलपुर के माध्यम से बीमार महिलाओं के लिए अविलम्ब एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत नवाचार की पहल करते हुए आवंटित फंड से संवेदनशील जगहों पर पुलिस विभाग के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगवाकर उन्हें अभय कमांड से जोड़े जाने के निर्देश दिए गए, जिससे महिला अपराधो पर नकेल कसने में पुलिस को सहायता मिल सके। साथ ही शिक्षा विभाग के चार एवं समाज कल्याण एवं टीएडी के एक-एक बालिका छात्रावासों में उक्त फंड से बेटी पुस्तकालय बनवाये जाएंगे। आईएम शक्ति उड़ान योजनान्तर्गत समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर द्वारा सीईओ जिला परिषद को फर्म के माध्यम से नियमानुसार सप्लाई एवं वितरण सुनिश्चित करने, फर्म द्वारा रूट चार्ट भेजे जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा सभी विभागों को मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप मासिक एवं पाक्षिक निरीक्षण कर गूगल फॉर्म पर रिपोर्ट दर्ज करने तथा 15 अगस्त तक 2023-24 के तृतीय चरण तक की सप्लाई का पूर्ण वितरण सुनिश्चित कर महिला अधिकारिता विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिये गए। उनके द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य सभी वितरण केन्द्रों पर उड़ान योजना की जानकारी, सम्पर्क सूत्र, शिकायत की प्रक्रिया आदि का सहज दृश्य स्थल पर अंकन 20 अगस्त तक सुनिश्चित के निर्देश जारी किया गए। योजना में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता में लिप्त पाए जाने पर कार्मिको पर सख्त कार्यवाही के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सिटी सीओ तपेन्द्र मीणा, सीएमएचओ जयंती लाल मीणा, सीडीईओ दाऊदयाल शर्मा, उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग, प्राचार्य पीजी कॉलेज गिर्राज मीणा, डीईओ प्रारम्भिक महेश अग्रवाल, एडीईओ रोहित बिष्ट, एपीसी विशाल गुप्ता, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रखी शर्मा, एएसआई रामकेश, पीसीपीएनडीटी समन्वयक पंकज शुक्ला, एमएसएसके काउंसलर करुणा शर्मा, संजू गुर्जर, फराह खान, प्रज्ञा बैसला, भावना शर्मा, संध्या भारद्वाज, आरती भारद्वाज, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रितु सक्सेना, जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक, सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य, नरेन्द्र मीणा आदि उपस्थित रहे।



# कांग्रेस सेवादल धौलपुर के द्वारा तिरगां पद यात्रा निकाली गई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर द्वारा शुक्रवार प्रातःकाल तिरंगा पदयात्रा निकाली गयी जिसमे मुख्यातिथि कांग्रेस सेवादल धौलपुर प्रभारी प्रतिभा नुवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवादल धौलपुर जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने की।

धौलपुर में स्थित गांधी पार्क से मैंन बाजार पुरानी सब्जी मंडी हनुमान तिराहे से गांधी पार्क में राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।इस मौके पर धौलपुर प्रभारी प्रतिभा नुवल ने कहा - भाजपा सरकार की तानाशाही और देश को तोड़ने वाली नीतियों के खिलाफ़ निकाली जा रही भारत न्याय तिरंगा यात्रा लोकतंत्र और भाईचारे की रक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगी देश मे बढ़ती हुई मंहगाई ओर बेरोजगारी के लिए सरकार से हम सब मिल कर लड़ाई लड़ेंगे

ओर इस मौके पर जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने कहा देश के साथ मोदी सरकार अन्याय कर रही है युवाओं के साथ किसानों के साथ आज देश का लोकतंत्र उद्योगपति के हाथों की कठपुतली बन चुका है ।अभी हाल ही में राजस्थान विधानसभा से लाडनूं विधायक मुकेश भाकर की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गयी , खिलाड़ियों के साथ मोदी सरकार ने राजनीति करके विनेश फोगाट भारत की बहादुर बेटी है विनेश ने 4 बार की विश्व चैंपियन को मात दी अब वो फाइनल में पहुंच गईं तो उनका100 ग्राम वजन ज़्यादा बता दिया गया ओर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया भारत की बेटी फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने जा रही थी और यह कुछ लोगों को पसंद नहीं आया और उनके खिलाफ़ साज़िश रच दी गई ।भारत सरकार को इसमें तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिये ये भारत की बेटी का अपमान है ।

तिरंगा यात्रा के पश्चात सर्किट हाउस धौलपुर में प्रभारी कांग्रेस सेवादल उम्मीदवारो के आवेदन लिए जिसमें - प्रदेश पदाधिकारी - महिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष यंग बिग्रेड सेवादल धौलपुर के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना बॉयोडाटा आवेदन स्वरूप दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गादत्त शास्त्री, जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ,प्रदेश सचिव अमित मुद्गल ,संगठन महासचिव धनेश जैन ,आरती शिवहरे ,एन ए यू आई जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शिब्बू लोधा, राजेंद्र पोसवाल, मोहम्मद शकील ,जिला सेवादल महासचिव रोशनी शिवहरे ,निजामुद्दीन उपाध्यक्ष ,अनिल आरेला ,कुमर सैंन ,शबनम खान, पिंकी ,शबाना, शुशीला अनिता, लता माथुर, रेशमा ,राधा ,रामबाबू दीक्षित, मोगल दामोदर जाट आदि उपस्थित रहे एवं सेवादल कांग्रेस एवं समस्त संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

# श्रावण मास में आमजन के लिए भंडारे आयोजित कर अन्न दान करना बेहद पुनीत कार्य : आचार्य रमेश

## शिक्षकों ने राहगीरों के लिए किया भंडारे का आयोजन सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** श्रावण मास एवं विश्व आदिवासी दिवस के पावन मौके पर राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से सर्किट हाउस के गेट पर संचालित सार्वजनिक प्याऊ जल मंदिर पर आमजन व राहगीरों हेतु भंडारे का आयोजन कर बढ़ई व सब्जी की प्रसादी का वितरण किया । इस मौके पर शिक्षाविद आचार्य रमेश चंद शर्मा व संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक यदुवीर सिंह गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। अतिथियों ने अपने हाथों से राहगीरों को प्रसादी वितरण कर इस पुनीत कार्य का शुभारंभ किया।संगठन के प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा व जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद आचार्य रमेश चंद शर्मा ने कहा कि सावन के महीने में भंडारे आयोजित कर अन्न दान करना बेहद पुनीत कार्य होता है। शिक्षकों ने इस तरह का आयोजन कर बेहद प्रेरणादाई कार्य किया है। कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला संयोजक यदुवीर सिंह गुर्जर ने राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पिछले आठ दस सालों से राहगीरों के लिए शीतल जल की सार्वजनिक प्याऊ का संचालन करने की तारीफ करते हुए सावन के पवित्र महीने में भंडारा आयोजन को एक अनुकरणीय पहल बताया। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि पिछले दस सालों से संगठन के पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहयोग से आमजन के लिए शीतल जल की सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा है । इस अवसर पर नंदकिशोर लोधी, अनिल मिश्रा, चमन शर्मा, वेद प्रकाश पाराशर, पवन मित्तल, मनोज मीणा, मुकेश पाराशर ,अमीन खान, मयंक पचौरी,विनोद उपाध्याय, मोनू त्यागी, हरिओम शर्मा,आमोद श्रीवास्तव, मोनू रजक, पुरुषोत्तम शुक्ला,कुलदीप शर्मा, सुशील पाठक,अमित कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# जिला कलेक्टर और एसपी ने अति-वृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर और एसपी ने अति वृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण पूतली कट के क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का मुआयना किया तथा ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए एनएचएआई के प्रतिनिधियों से मौके पर ही गड्डो को भरवाने के लिए आवश्यक सामग्री मंगवाई गई तथा गड्डो को भरवारा गया। उन्होंने एनएचएआई प्रतिनिधियों से कहा कि भारी बारिश के कारण सर्विस रोड काफी जगह क्षतिग्रस्त हो गई है जिस कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इस बाबत उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर भी बारिश के कारण सर्विस रोड क्षतिग्रस्त हुई है उन रोड़ों का शीघ्र मरम्मती करण करवाया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बारिश के मौसम के दौरान एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम निरंतर सर्विस रोड की पेट्रोलिंग कर बारिश से क्षतिग्रस्त हुई रोड़ों का बारिश के रुकते हैं तुरंत मरम्मती करण का कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें।इस दौरान कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने कोटपूतली शहर के जल भराव वाले इलाकों का दौरा किया ।

उन्होंने एसपी ऑफिस, लक्ष्मी नगर, इटली जोहड़ सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया तथा नगर परिषद अधिकारियों को जल निकासी के लिए तुरंत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जिन इलाकों में नालों की सफाई नहीं करवाने के कारण जल भराव की स्थिति पैदा हुई है उन नालों को तुरंत साफ करवाया जाए इसके साथ ही निकाले गए कचरे को नजदीक में ना छोड़कर उस कचरे का निस्तारण करवायें। अग्रवाल ने कहा कि शहर के निचले इलाकों में बसी हुई कॉलोनियों में जल निकासी के संबंध में विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान उन्होंने इटली जोहड़ क्षेत्र के दौरे के दौरान उन्होंने नगर परिषद को जाम हुए जोहड़ को तुरंत साफ कर बरसाती पानी को साबी नदी क्षेत्र में निकासी करने की निर्देश दिए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा,उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी पुलिस उपअधीक्षक राजेंद्रबुरड़क, एनएचएआई प्रतिनिधि,मुकेश सैनी ड्डुद्गठ्ठ नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे।

# महर्षि चरक जयंती के अवसर पर आयुर्वेद कार्यशाला एवं चिकित्सा शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** महर्षि चरक जयंती (श्रावण शुक्ल पंचमी) के अवसर पर हिमालया वेलनेस कंपनी एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के सयुक्त तत्वावधान में आयुर्वेद कार्यशाला का आयोजन दोपहर 12 से 3 बजे तक होटल निर्वाणा पैलेस अलवर में किया गया। आयुर्वेद कार्यशाला का उद्घाटन महर्षि चरक प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर विश्व आयुर्वेद परिषद के चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ मुरारी लाल भारद्वाज, डॉ विशन सैनी एवं हिमालया कंपनी की ओर से डॉ. सोनाली सिंह ने किया। कार्यक्रम में संचालन डॉ मुकेश प्रजापत ने किया। डॉ मुरारी लाल भारद्वाज ने चरक वंदना प्रस्तुत की। कार्यशाला में डॉ पवन सिंह शेखावत ने महर्षि चरक के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में डॉ. अनिल कुमार जैन, डॉ सोमपाल सिंह, डॉ मुकेश साहू, डॉ शक्ति सिंह चौधरी, डॉ संदीप मीना इत्यादि चिकित्सको ने भी अपने चिकित्सा अनुभव सभी के समक्ष रखें। कार्यक्रम के अंत में हिमालय कंपनी की ओर से महेश खंडेलवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी चिकित्सको का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हेमंत अग्रवाल, अमित जांगिड़ ने हिमालया वेलनेस के स्वास्थ्य वर्धक उत्पादों की जानकारी दी। इधर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बुद्ध विहार अलवर में विश्व आयुर्वेद परिषद के सहयोग से आयोजित चरक सप्ताह कार्यक्रम के समापन अवसर पर निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह विकार आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर एवं महर्षि चरक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर का शुप्रारंभ वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने महर्षि चरक प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। चरक वंदना भुवनेश शर्मा ने प्रस्तुत की, शिविर में नत्थी लाल सैन नर्सिंगकर्मी का सहयोग रहा।

# राजकीय महाविद्यालय बाड़ी मे गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(नि.स.)।** राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में गुरु बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मां शारदे के सम्मुख द्वीप प्रजल्वित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर पी एस तिवारी जिला अध्यक्ष एबीवीपी धौलपुर, ओम प्रकाश शर्मा प्रांत प्रमुख जयपुर ,अभिनव सिंह एबीवीपी जयपुर एवं प्राचार्य डॉक्टर एम के सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर पीएस तिवारी द्वारा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परंपरा सम्मान व गुरुओं के आशीर्वाद स्वरुप वचनों का जीवन में महत्व समझाया। अभिनव सिंह ने बताया कि आधुनिक समय में गुरुओं का शिष्यों के मध्य पहले जैसी सद्भावना में कमी आई है।

## आदिवासी दिवस पर बोले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

# आदिवासियों के अतीत और गौरवशाली संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृति और परंपरा के संगम के इस दिन के अवसर पर पूर्वजों की धरोहरों को अक्षुण्ण बनाए और संविधान में उल्लेखित आदिवासियों के अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाएं यही आदिवासी दिवस की सार्थकता होगी। जूली राजगढ़ के दुब्बी भजेड़ा गांव में विश्व जनजाति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।जूली बोले आदिवासियों के अतीत और गौरवशाली संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर गहलोत सरकार ने ही समाज को तोहफा देते हुए राजकीय अवकाश घोषित किया था। जूली में मीन भगवान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत रूप से मीन भगवान की पूजा अर्चना की। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजको द्वारा उनका फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जूली ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की जो मूल भावना है प्रदेश व देश की सरकार इसके विपरीत काम कर रही है। इस अवसर पर विधायक मांगीलाल मीणा,पूर्व विधायक जोहरी लाल मीणा, रामकृपाल मीना अध्यक्ष मीन भगवान समिति, रामकिशन मीणा, सीमा मीणा, कालूराम मीणा, कमलेश मीणा, राजेश मीणा,एलएन वर्मा, पी आर पावटा, बनवारी लाल मीणा, प्यारेलाल, बीएल मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# त्यौहार के मध्य नजर यातायात प्रभारी ने देखी शहर की व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** लगातार आने वाले त्यौहार रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर शहर के मुख्य बाजारों में खासी चहल पहल भीड़ भाड़ रहेगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए शुक्रवार को यातायात थाने के थाना इंचार्ज हरिओम मीना ने अपनी टीम सहित शहर के मुख्य बाजारों का जायजा लिया और सड़क पर लगी हुई अस्थाई दुकानों को समझाइश कर हटवाया। यातायात प्रभारी हरिओम मीना ने बताया कि त्यौहारी सीजन में शहर कन्जेस्टेड हो जाता है और जाम के हालात बने रहते हैं इसी के मध्य नजर सभी अस्थाई दुकान लगाने वालों को समझाइश कर सड़क के अंतिम छोर पर दुकान लगाने को कहा जा रहा है।

# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान हरियालो राजस्थान अभियान के तहत खैरथल के समीप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन मेवान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ,ग्राम पंचायत सरपंच, एसडीएमसी के सदस्य, ग्रामीण व विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर ,खेल मैदान, व गांव के सार्वजनिक स्थलों पर 500 से ज्यादा पौधे लगाए गए इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच जाहिद खान एवं प्राचार्य मंगतु राम बैरवा ने कहा कि पौधे लगाने से ज्यादा उनका रखरखाव ज्यादा जरूरी है इसलिए लगाए जा रहे सभी पौधों की जिओ ट्रैकिंग भी की गई।

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ.अनिल कुमार व स्टाफ सदस्यों ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण इस समय एक बड़ी चुनौती उभर कर सामने आई है । दिन प्रतिदिन पर्यावरण का छरण हो रहा है जिसके परिणाम हमारे समक्ष उपस्थित हो रहे हैं आज मानव ने भौतिक तरक्की तो अवश्य की है लेकिन वह भौतिकता की अंधी दौड़ में पर्यावरण और पेड़ पौधों से दूर होता चला गया जिसके परिणाम हम सबको भुगतने पड़ रहे हैं ।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि श्री जाहिद खान ,अमित पंच, करण सिंह, मनीराम ,नंदराम गुप्ता, फतेह मोहम्मद ,मुकेश महावर ,विद्यालय के प्राचार्य मंगतू राम बेरवा उपप्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ,फतेहचंद, कुसुम मीना, सुमन , गीता देवी ,गायत्री शर्मा ,मनीषा शर्मा ,लीलाबाई ,ओमप्रकाश जाट, राजेश कुमार, राजभारत ,सुंदरलाल, रामजीलाल ,नितिन कुमार व एसडीएमसी के सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा गरदाना पंचायत का बाबा रामदेव का मंदिर

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा( प्रकाश खत्री )।** निम्बाहेड़ा से करीब 20 किलोमीटर दूर तिरुमाला चौराहे से आवरी माता जाने वाले रोड पर नायको का खेड़ा ग्राम पंचायत गरदाना मे काफी वर्षों पहले से बना हुआ बाबा रामदेव का मंदिर व धर्मशाला की कोई देखरेख करने वाला नहीं है। मंदिर और धर्मशाला देख रेख के अभाव में जिर्ण शीर्ण हो रहा है, मंदिर में ना तो लाइटों की व्यवस्था है ना बिजली कनेक्शन है, ओर ना ही पानी की व्यवस्था है, ओर ना ही कोई साफ सफाई करने वाला जिसके अभाव मे मन्दिर परिसर मे आवारा जानवरो का डेरा ओर जंगली जानवरो का आवागामान हो रहा है। इस मन्दिर परिसर मे मध्य प्रदेश ओर दूर दूर से पैदल यात्री सावरियाजी, शनि महाराज, बाबा रामदेव मन्दिर रूणिजा पैदल यात्री वर्षो से जाते है जो इस मन्दिर मे विश्राम कर खाना पीना बना कर आगे की ओर प्रस्थान करते है।

बिजली पानी नहीं होने से यात्री थक हार कर बिना रुके आगे की ओर प्रस्थान करते है बिना बिजली पानी के सभी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जब बाबा रामदेव मन्दिर व धर्मशाला पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए ही बनाया गया तो फिर यात्रियों को इसका फायदा क्यों नहीं मिल पा रहा है? जबकि इसी मार्ग पर कई माइंस व क्रैशर संचालित हो रहे है जिसकी धूल मिट्टी भी यात्री खाते रहते आगे बढ़ते जाते है। अवैध परिवहन व भारी वाहन गुजरने की वजह से पूरी सड़क ही टूट चुकी है जिससे पैदल यात्रियों को वाहनों के गुजरने के बाद धूल मिट्टी से भी यात्री परेशान हो रहे है जबकि मन्दिर की दीवार ग्राम पंचायत द्वारा करीब छः लाख रूपये खर्च कर दीवार बॉउंड्री बनाई गई थी।



### इनका कहना है

एक दो दिन मे लाइट और पानी की व्यवस्था करवाकर राम रसोड़ा भी शुरू कराते है।

**लाल सिंह पूर्व प्रधान,**
**अध्यक्ष बाबा राम देव मन्दिर**
**नायको का खेड़ा**



# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 83वें उर्स की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंची

## यहां जायरीनों हेतु माकूल व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया



सुनील कुमार डभाड़िया

**कपासन ( बढ़ता राजस्थान )।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें तीन दिवसीय उर्स की तैयारियां अंतिम चरण मे है ।साथ ही उर्स मेले में जायरीनों हेतु माकूल व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर का तीन दिवसीय उर्स 12 अगस्त से शुरू एवं 14 अगस्त बुधवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा ।यहां उर्स मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण मे है ।जिसमे नसीब टेन्ट हाउस उदयपुर के हाजी असलम भाई छीपा 30 मजदूरो के साथ 20 दिन से आकर्षक वाटर प्रुफ टेंट लगाने मे जुटे हुवे है ।भीलवाडा के चाँदजी लाईट डेकोरेशन वाले दरगाह परिसर को जगमगाने के लिए डेकोरेशन के कार्य मे लगे है ।साथ ही औलिया मस्जिद,आयशा मस्जिद,गुम्बद,शाही महफिल खाना,अहमद कबिर मंजिल,बुलन्द दरवाजा सभी कमरे,दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय व मुसाफिर खाने मे रंगरोगन का कार्य दो माह से जारी है।

आहता ऐ नूर के पूर्व,उत्तर,दक्षिण के डोम मे पीवीसी का कार्य पूर्ण गया है ।चमन भाई जावद वाले फ्लोवर डेकोरेशन से दरगाह परिसर को सजाने मे लगे है ।अहमद कबीर मंजिल मे दिल्ली की पेरोफ्लेक्स कम्पनी द्वारा डोम लगाने का कार्य अंतिम चरण मे है।

इधर दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी ने बताया कि मेला ग्राउण्ड मे 700 से अधिक दुकानदारो को प्लॉट आंवटित किए है ।डोलर, झूला-चकरी लगाने वाले अपने कार्य मे लगे हुवे है ।उर्स मेले के दौरान सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कपासन रेल्वे स्टेशन पर होगा।

# एक्यूप्रेशर चिकित्सा आधारित 'रोग मुक्ति शिविर' का आयोजन 11 से 16 अगस्त तक

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** विमेंस विंग्स फाउंडेशन द्वारा नगरवासियों की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के निदान हेतु चल रहे एक्यूप्रेशर चिकित्सा आधारित 'रोग मुक्ति शिविर'का आयोजन पेंशनर्स कार्यालय गढ़ परिसर में 4 अगस्त से 9 अगस्त तक सफलतापूर्वक किया गया किंतु शहर वासियों की अत्यधिक मांग को देखते हुए शिविर को आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है। फाउंडेशन की अध्यक्ष रश्मि टोंगिया, सचिव मनीषा खंडेलवाल ,उपाध्यक्ष डॉ रूचि कुलश्रेष्ठ और कोषाध्यक्ष मयूरी गर्ग ने बताया कि शिविर में लगभग 200 नागरिकों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में नामांकन कराया और लाभ होने पर इस शिविर को आगे बढ़ने की मांग भी की है।अतः अब यह शिविर 11 अगस्त से 16 अगस्त 2024 तक के लिए अग्रवाल सेवा सदन ,झालावाड़ में पुनः आयोजित किया जा रहा है। बोर्ड डायरेक्टर कल्पना चतुर्वेदी, मीनल अग्रवाल,प्रीति बोहरा, सोनल खंडेलवाल , शेफाली अग्रवाल,उज़्मा खान और राशि खंडेलवाल ने बताया कि शिविर में जोधपुर से आए एक्यूप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञों किशोर सहारण और एस आर चौधरी द्वारा प्रातः 8 से 12 और शाम 4.00 से 8.00 के मध्य एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रदान की जाएगी। मीडिया हेड पूनम रौतेला ,प्रीति जाजू, डॉ रिनी ठाकुर,अर्पिता कोठारी, दीपिका गर्ग,शिल्पी यादव , प्राची गुप्ता ,अंतिमा जैन और आशा चौधरी ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों द्वारा बिना किसी दवाई का प्रयोग किए शरीर के सभी दर्दों , ब्लड प्रेशर, शुगर मोटापा ,मानसिक तनाव और पाचन संबंधी बीमारियों का उपचार एक्यूप्रेशर पद्धति से किया जाएगाद्यद्य किसी दवाई का प्रयोग न करने के कारण इस पद्धति का कोई साइड इफेक्ट नहीं है और रोगी को प्रभावी राहत मिलती है। सभी सदस्यों ने नगर वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएं और जो पूर्व शिविर से वंचित रह गए थे वह भी इसका लाभ अवश्य उठाएं।

## सरल स्वभाव व लेखनी के धनी थे वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाडा

# वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाडा को शहर के पत्रकारों व प्रबुद्धजनों ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाडा का 2 अगस्त को निधन हो गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की ओर से शांति प्रकाश हाल गुमानपुरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के युवा व वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठन के लोग, राजनैतिक, धार्मिक व अन्य समाज के लोगों ने वहां पहुंचकर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ग्रेटर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर व महासचिव अनिल भारद्वाज ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सुनील माथुर ने कहा कि केबीएस हाडा शहर के लिए जाना पहचाना नाम था, पत्रकारिता के बडे समूह में उन्होंने कार्य किया।

माथुर ने कहा कि उनके परिवार को शह के प्रमुख लोगों ने भी संवेदना व्यक्त की है। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी ने भी दुख व्यक्त किया। दूरभाष पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी, पूर्व मंत्री बीना काक, पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, महाराजा गज सिंह जोधपुर, विधायक सिद्धि कुमारी,विधायक व पूर्व मंत्री हरेंद्र मिर्धा, पत्रकार तवलीन सिंह ने परिजनों से बात कर संवेदना व्यक्त की।

वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस, महापौर मंजू मेहरा, उप महापौर पवन मीणा, पूर्व उप महापौर सुनीता व्यास, विधायक अशोक चांदना, विधायक हरिमोहन शर्मा, विधायक शत्रुघ्न गौतम,समाज सेवी अरुण भार्गव, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा दक्षिण विवेक राजवंशी, रुबीना काजी, कोटा शहर के वरिष्ठ व युवा पत्रकार सहित अन्य समाज व संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित शिविर में 121 रोगियों की जांच एवं 10 को उपचार हेतु रेफर किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** भारत विकास परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित जोड़ एवं प्रत्यारोपण शिविर में 121 रोगियों को जांच तथा 10 रोगियों को उपचार हेतु

रेफर किया गया। भारत विकास परिषद कपासन के अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि नगर में स्थित रामलालजी सोमानी की धर्मशाला मे भारत विकास परिषद द्वारा जोड़ एवं प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे सिम्स हॉस्पिटल के डॉ. विजय बंग रोबोटिक सर्जन द्वारा 121 रोगियों की जांच के साथ आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया ।उक्त शिविर का शुभारंभ गुरुकुल के बटुको एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक राजेंद्र बैरवा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर मे 121 रोगियों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा 10 रोगियों को ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया ।साथ ही 50 रोगियों को रियायती दर पर दवाइयां वितरित की गयी ।इस शिविर में डॉ. बैंग के सहायक अनिल शर्मा,भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह,नंदलाल बोहरा, रमेशचंद्र विजयवर्गीय, महेंद्रमोहन दाधीच,डॉ. सुरेंद्र सिंह देवल, रोशनलाल सेठ,मुरलीमनोहर जोशी, राजेंद्र काबरा, घनश्याम विजयवर्गीय, रोशनलाल विजयवर्गीय, भगवतीलाल सोमानी, रतनलाल आचार्य, ओमप्रकाश न्याती,अशोक गौड़, नारायणलाल चंदेल,नानालाल चंदेल,सुरेश बापना, मांगीलाल बंजारा,पवन सिंह रावल,प्रहलाद विजयवर्गीय,राधेश्याम वैष्णव, कन्हैयालाल बारेगामा,दिलीप बरेगामा आदि परिषद सदस्य सहयोग के साथ उपस्थित रहे।


# मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया से कपासन तक कल विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** कावड़ उठा नारा भोले का लगा,कावड़ उठा नारा शिव का लगा भोले की मस्ती आदि महादेव के जयकारों के साथ पवित्र श्रावण मास में भोले भक्ति मे सरोबार भक्त एवं श्रद्धालु अखंड ब्रह्मांड के राजा कालो के काल शिवशंभू भोलेनाथ के कावड़ अभिषेक कि तैयारियां अंतिम दौर में है ।यहां श्री अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ के तत्वावधान में विशाल कावड़ यात्रा का रविवार 11 अगस्त को आयोजन किया जायेगा। श्री अमरनाथ मित्र मंडल कपासन के अध्यक्ष एवं पंच कैलाशी महेश पलोड़ ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति श्री अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ कपासन एवं श्री अमरनाथ मित्र मण्डल के शिव भक्तों द्वारा पवित्र श्रावण मास में भोलेनाथ को प्रसन्न करने हेतु विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन रविवार 11 अगस्त को मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में स्थित मंगलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर प्रातः 8.30 बजे शक्तिपाती शिवजी के जयकारो के साथ प्रारंभ होगी। कावड़ियो की कावड़ यात्रा मातृकुण्डियाँ से नवाखेड़ा,डिंडोली,बाबरिया खेड़ा,बामनीया चोराहा, उपनगरीय बस्ती भूपालखेडा,कपासन के राजराजेश्वर तालाब स्थित सरोवर हनुमान मंदिर, लक्ष्मीनाथ मंदिर,नया बाजार,पुलिस चोकी,पीपली बाजार,लोड़कीया चोक,चारभुजानाथ मंदिर,खारी बावड़ी हनुमान मंदिर,पांच बत्ती चौराहा,स्टेशन मार्ग हरिहर महादेव मंदिर,पिपलेश्वर महादेव,न्यायालय परिसर में न्यायेश्वर महादेव से उप जिला कारागृह कपासन में स्थित श्री जलेश्वर महादेव पहुंचकर सम्पन्न होगी ।कावड़ियो द्वारा मार्ग में आने वाले समस्त शिवालयों में महादेव का पवित्र जल से जलाभिषेक किया जायेगा ।उप कारागृह कपासन पर कावड़ यात्रा का समापन विशाल जलाभिषेक, महाआरती एवं भक्तो में प्रसाद वितरण के साथ किया जायेगा।

# नाग पंचमी के अवसर पर श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर वृक्षारोपण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर नाग पंचमी के अवसर पर भक्तो द्वारा भव्य रुद्राभिषेक के साथ वृक्षारोपण किया गया। जानकारी अनुसार नगर कपासन में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शुक्रवार नाग पंचमी के अवसर पर श्री सामेश्वर महादेव आरती मंडल के तत्वावधान में विधि विधान के साथ भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया ।जिसमे आरती मण्डल के संयोजन में 40 शिव भक्तों द्वारा भाग लिया ।इस रुद्राभिषेक का आचार्य फतहराज तुल्छिया,आशीष चाष्टा,रामप्रसाद,मनोज कुमार,वासुदेव दाधीच द्वारा विश्व कल्याण की कामना एवं उत्तम वर्षा हेतु आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शिव परिवार का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया ।जो भक्तो एवं श्रद्धालुओ में आकर्षण केंद्र रहा ।साथ ही श्री सोमेश्वर महादेव आरती मंडल द्वारा पवित्र श्रावण मास में नाग पंचमी के अवसर पर वृक्षारोपण कर नियमित इनके रख-रखाव का संकल्प लिया गया। इस रुद्राभिषेक में सोहनलाल उपाध्याय, गिरिराजप्रसाद नन्दवाना,नंदलाल बोहरा,देवदत्त छिनीवाल सहित आरती मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर बंद रहे भीलवाड़ा के बाजार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** संत व सनातन धर्म समाज के बैनर तले हरिशेवा उदासीन आश्रम के महंत हंसराम और अन्य संतो-महात्माओं के सान्निध्य में भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे और रैली निकाल कर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

महंत हंसराम ने बताया की वर्तमान में बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर घोर अत्याचार हो रहा है।

हिन्दूओं के धार्मिक स्थलों, घरों, मकानों, ऑफिस, व्यापारिक संस्थानों, मॉल विविध स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। महिलाओं व बालिकाओं के साथ बलात्कार व अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। सैकड़ों हिन्दू अल्पसंख्यकों की हत्या की गई है।

# नगर पालिका छबड़ा में से एलईडी स्ट्रीट लाइटें चुराने का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अंता/छबड़ा ( नि.स. )।** छबड़ा थाना पुलिस ने दो दिन पहले नगर पालिका छबड़ा में से एलईडी स्ट्रीट लाइटें चुराने वाले नामज़द दो आरोपियों में से एक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थानाधिकारी राजेश खटाना ने बताया कि दिनांक 07.08.2024 को पालिका के चौकीदार लड्डूलाल की रिपोर्ट पर एलईडी लाइट चोरी का यह प्रकरण दर्ज किया गया था, जिसका अनुसंधान गिरिराज शर्मा ,स्ढ़ द्वारा किया जा रहा है। इस घटना के आरोपी ज़ुबैर ख़ान (30) निवासी मनोहरथाना हाल छबड़ा को गत रात्रि गिरफ़्तार किया जाकर बरामदगी हेतु शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में पेश कर 3 दिन का पुलिस अभिरक्षा रिमांड प्राप्त किया गया है। अनुसंधान अधिकारी गिरिराज शर्मा,स्ढ़ ने बताया कि आरोपी से चोरी हुए माल की बरामदगी के लिए गहनता से पूछताछ के साथ साथ इस घटना में लिप्त एक अन्य फ़रार आरोपी अजय तेजस्वी के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। चूँकि दोनों आरोपी लंबे समय से नगर पालिका में अस्थयी रूप से ठेकाकर्मी हैं जिनको पालिका परिसर में रखे सामानों की पूरी जानकारी है इसलिए इनके द्वारा और भी एलईडी लाईटें या अन्य सामान की चोरी की संभावनाओं के मद्देनज़र पुलिस इस पहलू पर भी सामानों का रिकॉर्ड से मिलान कर पूछताछ कर रही है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मोक्षधाम में वृक्षारोपण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** उपनगरीय बस्ती भूपालखेड़ा निवासी बागड़ा (शर्मा) परिवार की वयोवृद्ध बादाम बाई धर्मपत्नी स्व. मांगीलाल बाड़ीवाल का स्वर्गवास होने जाने पर परिवारजनों द्वारा इनकी स्मृति में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत मोक्षधाम परिसर में वटवृक्ष रोपण किया गया ।साथ ही शर्मा परिवार के लेहरूलाल,श्यामलाल, रामेश्वरलाल, बालमुकुन्द, बाबूलाल,राधाकृष्ण, शिवशंकर, मोहनलाल, ओमप्रकाश, अंकुर आदि परिजनों द्वारा इनकी स्मृति में एक पौधा लगाने का संकल्प लिया गया।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## वक्फ बिल के लिए जेपीसी का गठन





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र खत्म हो गया है। शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। नई सरकार के गठन के बाद इस सत्र में बजट भी पेश किया गया। दोनों ही सदनों में बजट को लेकर ही ज्यादातर चर्चाएं हुई हैं। हालांकि इस सत्र के दौरान कुछ मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने भी रहे। आखिरी दिन भी राज्यसभा में वार-पलटवार का दौर देखने को मिला। जबकि इसी सत्र में जाति को लेकर लोकसभा में जबरदस्त तरीके से बवाल हुआ था। आज की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही दोनों सदनों ने ओलंपिक में मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा और भारतीय हॉकी टीम को बधाई दीं। वहीं लोकसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को मंजूरी दे दी गई। चलिए आपको बताते हैं कि आज कार्यवाही में क्या कुछ हुआ।

### लोकसभा की कार्यवाही

अठारहवीं लोकसभा के दूसरे सत्र की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी जिसमें केंद्रीय बजट 2024-25 को मंजूरी देने की प्रक्रिया संपन्न हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा से पहले बताया कि इस सत्र में 15 बैठकें हुईं जो 115 घंटे तक चलीं और सदन की कार्य उत्पादकता 136 प्रतिशत रही। अठारहवीं लोकसभा के दूसरे सत्र की शुरुआत 22 जुलाई को हुई थी जिसमें 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किया। अध्यक्ष बिरला ने बताया कि सदन में बजट पर सामान्य चर्चा 27 घंटे 19 मिनट तक चली जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा का जवाब वित्त मंत्री सीतारमण ने 30 जुलाई को दिया। लोकसभा में 30 जुलाई से पांच अगस्त तक स्वास्थ्य मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इन्हें मंजूरी दी गई। सदन ने गत पांच अगस्त को केंद्रीय बजट से संबंधित विनियोग विधेयक 2024 को मंजूरी दी। इसके अलावा लोकसभा के इस सत्र में वित्त विधेयक 2024, जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 को पारित किया गया। लोकसभा ने विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, संचालन और बिक्री सहित विमानन उद्योग के विभिन्न पहलुओं को विनियमित करने के प्रावधानों वाले भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 को शुक्रवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक पर सदन में बृहस्पतिवार को चर्चा पूरी हो गयी थी और नागरिक विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने शुक्रवार को सदन में चर्चा का जवाब दिया जिसके बाद सदन ने विभिन्न विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया तथा विधेयक को ध्वनि मत से मंजूरी दे दी।

### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा का 265वां सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। तीन बार के स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही साढ़े तीन बजे आरंभ हुई तब सभापति जगदीप धनखड़ ने कुछ आवश्यक कामकाज निपटाने के बाद उच्च सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, उच्च सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई। सदन में प्रश्नकाल से ठीक पहले विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर विवाद हुआ जिससे प्रश्नकाल नहीं हो पाया। इसी दौरान सभापति धनखड़ और समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस सत्र में बजट के अलावा विनियोग विधेयक और वित्त विधेयक पर चर्चा हुई। इसके साथ ही तीन मंत्रालयों के कामकाज पर भी चर्चा हुई वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पड़ोसी देश बांग्लादेश की स्थिति के बारे में सदन में बयान दिया। आम आदमी पार्टी (आप) की सदस्य स्वाती मालीवाल ने शुक्रवार को राज्यसभा में यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक दिल्ली में युद्ध स्तर पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाये जाएंगे, यमुना की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उच्च सदन में शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए उन्होंने इसके लिए जहां केंद्र सरकार के पूरे सहयोग की जरूरत पर बल दिया वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए यमुना को लेकर यहां की जनता को 'सपने दिखाने' और 'झूठे वादे' करने का आरोप लगाया।

# गहलोत राज में बने छोटे जिले खत्म होंगे!

## भजनलाल सरकार ने पेमेंट करने और काम करवाने का अधिकार पुराने जिले के कलेक्टर्स को दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने एक आदेश के जरिए साफ संकेत दे दिए हैं कि गहलोत सरकार में बने सभी नए जिले बरकरार नहीं रहेंगे। इनमें से कई छोटे जिलों को उनके मूल जिलों में ही मर्ज किया जा सकता है।

दरअसल, गहलोत सरकार में बने नए 17 जिलों में राजस्व से संबंधित सभी काम पुराने मूल 17 जिलों में तैनात कलेक्टर ही करेंगे। भजनलाल सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए मूल जिलों में लगे कलेक्टर्स के पावर को मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है।


5 अगस्त 2023 को तत्कालीन गहलोत सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करके 17 नए जिलों का गठन किया था। उस समय नए जिलों में विभिन्न विभागीय सोसायटियों से संबंधित राजस्व कलेक्शन, वर्क सेंशन और काम के बदले भुगतान के अधिकार मूल जिला कलेक्टर को ही दिए थे। ये अधिकार 31 मार्च 2024 तक ही दिए गए थे, लेकिन भजनलाल सरकार ने अब इन अधिकारों को एक साल और बढ़ाकर 31 मार्च 2025 तक करने का निर्णय किया है। वित्त विभाग से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। हालांकि कौन से नए जिले, पुराने जिले में मर्ज होंगे, यह अभी साफ नहीं है।

### रेवेन्यू कलेक्शन का अलग से होगा रिकॉर्ड

नए जिलों में जो रेवेन्यू कलेक्शन होगा। उसका रिकॉर्ड अलग से रखा जाएगा। ये व्यवस्था 1 सितम्बर 2023 से ही बनाई थी, जिसे आगे भी बकरार रखा जाएगा। इनमें अनूपगढ़ (बीकानेर और गंगानगर), ब्यावर(पाली और अजमेर) , नीमकाथाना (सीकर और झुंझुनूं) और केकड़ी (अजमेर और टोंक) ऐसे जिले हैं, जहां दो अलग-अलग जिलों की तहसील जोड़कर बनाई गई हैं।

### पुराने जिलों के कलेक्टरों को पावर देने के मायने, कुछ को खत्म करने के संकेत

गहलोत सरकार ने नए जिले सेटल होने तक कुछ समय के लिए मूल जिलों को भुगतान और राजस्व कलेक्शन की शक्ति दी थी, लेकिन इसका एक साल का समय बढ़ाने का मतलब कुछ नए जिलों को फिर से पुरानों में मर्ज करने से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, बीजेपी नेता सत्ता में आने से पहले कई छोटे जिलों पर सवाल उठाते हुए इन्हें खत्म करने की बात कहते थे। अब सरकार ने नए जिलों के रिव्यू के लिए मंत्रियों की कमेटी बना रखी है। रिव्यू कमेटी गहलोत राज के सभी जिलों की व्यावहारिकता और जरूरत का आकलन करके अपनी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट देगी। मं?त्रियों की कमेटी के साथ रिटायर्ड आईएएस ललित के पवार कमेटी भी बनाई है। पवार कमेटी की रिपोर्ट के बाद मंत्रियों की कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी। चुनाव भी पुराने कलेक्टरों की निगरानी में करवाए



### अगले बजट से पहले गहलोत राज के जिलों पर होगा फैसला

**अब फरवरी में सरकार का अगला बजट आएगा। इस बजट सत्र से पहले सरकार गहलोत राज में बने नए जिलों में से कुछ को खत्म करके मर्ज करने पर फैसला कर देगी। पुराने जिलों के कलेक्टरों को नए जिलों के पावर एक साल तक बढ़ाने के पीछे भी यही बड़ी वजह है। यह अवधि पूरी होने से पहले जिलों पर फैसला हो जाएगा।**

# जया बच्चन धनखड़ से बोलीं- आपकी टोन ठीक नहीं

## सभापति बोले- यह बर्दाश्त नहीं करूंगा; आप सेलिब्रिटी हों या कोई और, डेकोरम रखना होगा

**नई दिल्ली।** संसद में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सपा सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ की टोन पर आपत्ति जताई। धनखड़ ने सपा सांसद को जया अमिताभ बच्चन कहकर संबोधित किया था। इस पर जया ने कहा- मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं। एक्सप्रेशन समझती हूं। मुझे माफ कीजिए, लेकिन आपके बोलने का टोन स्वीकार नहीं है। जया की इस बात से धनखड़ नाराज हो गए। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा- आप अपनी सीट पर बैठ जाइए। आप जानती हैं कि एक एक्टर को डायरेक्टर कंट्रोल करता है। मैं हर दिन अपनी बात दोहराना नहीं चाहता। हर दिन मैं स्कूली शिक्षा नहीं देना चाहता। सभापति जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि आप मेरी टोन पर सवाल उठा रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा।

# राजस्थान के 15 जिलों में बारिश का अलर्ट

## अजमेर में तीन मंजिला बिल्डिंग ढही, दौसा में भी तेज बरसात से पानी की टंकी धंसी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में सक्रिय मानसून से बारिश का दौर जारी है। भरतपुर, करौली, धौलपुर, जयपुर, अलवर, दौसा जिलों में गुरुवार को 6 इंच तक बरसात दर्ज हुई। तेज बारिश के कारण करौली के पांचना बांध में एक बार फिर पानी आना शुरू हो गया, जिसके कारण 3 गेट खोले गए हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आज भी 15 जिलों में बारिश का अलर्ट है। अगले 3-4 दिन हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। जयपुर शहर व आसपास के क्षेत्रों और कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर कस्बे में शुक्रवार सुबह से हल्की बरसात हो रही है। वहीं, अजमेर में एक बिल्डिंग ढह गई। हालांकि, यहां कोई जानमाल का नुकसान नहीं है। प्रदेश में अब तक सामान्य से 39 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में एक जून से 8 अगस्त तक औसत बारिश 261.4 एमएम होती है, जबकि इस सीजन में अब तक 362.7एमएम बरसात हो चुकी है।

### पाली में हर तरफ बर्बादी; अनाज, कपड़ा और फर्नीचर खराब

पाली में हुई रिकॉर्ड बारिश से शहर की कॉलोनियों-गलियों में बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। अब सड़क और गलियों से पानी उतर रहा है। लोग नुकसान का अनुमान लगा रहे हैं। कहीं गोदाम में रखा हजारों रुपए का अनाज भीग कर खराब हो गया तो कहीं टेक्सटाइल शॉप में रखा लाखों रुपए का कपड़ा खराब हो गया। मेडिकल स्टोर में दवाइयां भीग गईं



तो कहीं फर्नीचर पूरी तरह खराब हो गया।

### नीमकाथाना: बिहार बांध में पहली बार आया पानी

नीमकाथाना जिले के पाटन इलाके में बीते 24 घंटे में करीब 41एमएम बारिश दर्ज की गई। गुरुवार रातभर हुई बारिश के बाद पाटन क्षेत्र के बिहार बांध में इस सीजन पहली बार पानी की आवक हुई है। बारिश का पानी स्टेट हाईवे-37डी पर बनी पुलिया से बिहार बांध में जा रहा है।

### बानसूर में एनीकट हुआ ओवरफ्लो

कोटपूतली-बहरोड़ जिले में बानसूर के कल्याणपुरा में सुबह से हो रही बारिश से गुड़ा का चैक डैम (एनीकट) ओवरफ्लो हो गया और चादर चलने लग गई।

# पूर्व मंत्री जोशी के करीबी को रिश्वत में मिले करोड़ों

## जलदाय विभाग ने आरोपी ठेकेदारों के साथ किया 500 करोड़ का लेनदेन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए घोटाले को लेकर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने दूसरी चार्जशीट कोर्ट में पेश कर दी है। इस बार कुल चार आरोपियों जलदाय विभाग के ठेकेदार पदमचंद जैन, महेश मित्तल, प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया और स्टेनोग्राफर मुकेश पाठक के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई है। इसमें आरोपियों के खातों में 500 करोड़ रुपए का लेनदेन पीएचईडी के साथ मिले हैं। साथ ही सामने आया कि पदमचंद जैन और महेश मित्तल ने 5.40 करोड़ रुपए की रिश्वत तत्कालीन मंत्री महेश जोशी के करीबी को दी थी। इससे पहले ईडी 24 अप्रैल को पदमचंद जैन के बेटे में पीयूष जैन के खिलाफ पहली चार्जशीट पेश कर चुकी हैं। जो पहले से जेल में है। अब पेश की गई चार्जशीट में कहा गया है कि पदमचंद जैन, महेश मित्तल और पीयूष जैन टेंडर हासिल करने, बिल मंजूर करवाने के लिए लोक स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग (पीएचईडी) के अधिकारियों को रिश्वत देते थे। आरोपी हरियाणा से चोरी का माल खरीदने में भी शामिल थे। टेंडर हासिल करने के लिए उनका इस्तेमाल कर रहे थे।

### आरोपियों के खाते में 500 करोड़ रुपए जमा किए गए

जांच में सामने आया कि चारों आरोपियों से संबंधित फर्मों के बैंक खातों में लगभग 500 करोड़ रुपए पीएचईडी द्वारा जमा किए गए थे। इसलिए उन्हें जो भी पैसा मिला वह पीएमएलए अधिनियम के तहत अपराध से कमाया पैसा है। आरोपी मुकेश पाठक में स्टेनोग्राफर था। उसने महेश मित्तल और पदम जैन की फर्म के लिए फर्जी प्रमाण पत्र बनाए थे। संजय बड़ाया की भूमिका पर ईडी ने कहा है कि बड़ाया निजी ठेकेदारों से 2 .5 से 3 प्रतिशत चार्ज कर रहा था। चार्जशीट में कहा गया- वह तत्कालीन पीएचईडी मंत्री का करीबी विश्वासपात्र था और पीएचईडी में टेंडर पाने के लिए कंपनियों की सुविधा के लिए 2 .5% से 3% रुपए ले रहा था। बड़ाया ने आरोपी ठेकेदारों महेश मित्तल और पदमचंद जैन से लगभग 5 .4 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी। ईडी ने आज चार्जशीट पदम चंद जैन, महेश मित्तल, संजय बड़ाया और मुकेश पाठक के खिलाफ पेश की हैं। जानकारी में सामने आया है कि आरोप पत्र इस से पहले 24 अप्रैल को ईडी ने ठेकेदार पदम चंद जैन के बेटे पीयूष जैन के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की थी।



### पूर्व मंत्री महेश जोशी के यहां भी हुई थी छापेमारी

**ईडी को प्रॉपर्टी डीलर संजय बड़ाया और कल्याण सिंह काव्य के घर से जल जीवन मिशन से जुड़े और जमीनों में पैसों के इनवेस्टमेंट के कई दस्तावेज मिले। यह दोनों पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी के करीबी थे। ऐसे में ईडी ने 3 नवंबर 2023 को पूर्व मंत्री महेश जोशी के सचिवालय स्थित ऑफिस और एडिशनल चीफ सेक्रेटरी सुबोध अग्रवाल, चीफ इंजीनियर केडी गुप्ता, इंजीनियर दिनेश गोयल, एक्सईएन संजय अग्रवाल के ऑफिस सहित 6 जगहों पर रेड मारी थी। उस समय सुबोध अग्रवाल राजस्थान के तीसरे सबसे सीनियर आईएएस थे। सुबोध अग्रवाल मई 2023 में ही जलदाय विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी बने थे। ईडी ने महेश जोशी के कार्यालय से हार्ड डिस्क और जेजेएम घोटाले से जुड़े कई दस्तावेज जब्त किए थे। प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया के करीबी प्रॉपर्टी डीलर रामवतार शर्मा के यहां से 45 लाख रुपए सीज किए। ठेकेदार पदमचंद जैन और अन्य के बैंक खाते में 1.75 करोड़ रुपए सीज किए।**

# छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए लगाई याचिका खारिज : फीस लौटाने की भी की थी मांग, चुनाव के लिए यूनिवर्सिटी ने लिए थे 63 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका को राजस्थान हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया हैं। छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने अदालत में जनहित याचिका लगाकर छात्रसंघ चुनाव कराने अथवा चुनाव नहीं कराने की स्थिति में छात्रसंघ चुनाव के लिए जमा की गई राशि को लौटाने की मांग की थी।

### एकलपीठ के सामने सूचीबद्द करने के लिए कहा

याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस जीआर मीना की खंडपीठ ने कहा कि जब याचिकाकर्ता ने खुद ही छात्रसंघ चुनाव की फीस को वापस करने के लिए आवेदन कर रखा है तो उसकी इस संबंध में दायर की गई पीआईएल पर जनहित का मुद्दा मानकर सुनवाई नहीं की जा सकती है। अदालत ने पीआईएल को खारिज करते हुए इसे सामान्य याचिका के तौर पर संबंधित एकलपीठ के सामने सूचीबद्द करने के लिए कहा है।

### छात्रसंघ चुनाव के लिए यूनिवर्सिटी ने वसूले 63 लाख

जनहित याचिका में कहा गया था कि यूनिवर्सिटी प्रत्येक छात्र से छात्रसंघ चुनाव के लिए 145 व मेंबरशिप के लिए 110 रुपए यानी 255 रुपए वसूलती है। सभी छात्रों से वूसली इस राशि को जोड़ें तो यह करीब 63 लाख रुपए से ज्यादा बैठती है। लेकिन छात्र संघ फीस वसूलने के बाद भी यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव नहीं कर रही हैं। इसलिए राजस्थान



यूनिवर्सिटी को छात्रसंघ चुनाव कराए जाने का निर्देश दिया जाए अन्यथा छात्रों से इस मद में वसूली राशि को वापस किया जाए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )